● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 112, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 29 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



बिहार में अंतिम चरण में इंडिया गठबंधन ने झोकी ताकत 5

आईपीएल में कम सैलरी पर रिंकू का गजब जवाब 6

## पीएम मोदी फिर होंगे ध्यान में लीन

### चुनाव प्रचार समाप्त कर दो दिन के लिए जाएंगे कन्याकुमारी, स्वामी विवेकानंद भी यहां आए थे

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव के छह चरण पूरे हो चुके हैं। 1 जून को सातवें चरण के चुनाव होना शेष है। इस बीच, अपने चुनाव अभियान के समापन पर पीएम मोदी 30 मई से 1 जून तक कन्याकुमारी का दौरा करेंगे।

पीएम मोदी कन्याकुमारी में रॉक मेमोरियल जाएंगे और 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान मंडपम में उसी स्थान पर दिन-रात ध्यान करेंगे, जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था।

मालूम हो कि 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान भी अंतिम चरण के मतदान के समय पीएम मोदी ने केदारनाथ का दौरा किया था और वहीं रुद्र गुफा में ध्यान भी किया था। उनका यह दौरा उस समय काफी चर्चा में रहा था और आज भी उनकी ये तस्?वीरें



सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं।

भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि अपने आध्यात्मिक प्रवास के लिए कन्याकुमारी में स्थान चुनने का मोदी का निर्णय देश के लिए विवेकानंद के दृष्टिकोण को साकार करने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वह 4 जून को वोटों की गिनती के बाद तीसरी बार सत्ता में लौटने को लेकर आश्वस्त दिख रहे हैं। आखिरी चरण का मतदान 1 जून को होना है। चुनाव के लिए प्रचार अभियान चुनाव से दो दिन पहले समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा, जिस चट्टान पर प्रधानमंत्री ध्यान करेंगे, उसका विवेकानंद के जीवन पर बड़ा प्रभाव था और यह भिक्षु के जीवन में गौतम बुद्ध के लिए सारनाथ के समान ही महत्व रखता है।

एक भाजपा नेता ने कहा कि उसी स्थान पर ध्यान करना स्वामी जी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को जीवन में लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस स्थान को पवित्र ग्रंथों में भगवान शिव के लिए देवी पार्वती के ध्यान के स्थल के रूप में भी जाना जाता है। यह स्थान भारत का सबसे दक्षिणी छोर है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि यह वह जगह है, जहां पूर्वी और पश्चिमी तटरेखाएं मिलती हैं, यह देखते हुए कि यह हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन बिंदु भी है। एक नेता ने कहा,

उन्होंने कहा कि यह तमिलनाडु के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता और स्नेह को भी दर्शाता है कि वह चुनाव खत्म होने के बाद भी राज्य का दौरा कर रहे हैं।

पिछले साल मार्च में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी विवेकानंद रॉक मेमोरियल का दौरा किया था। वे उस समय केरल, लक्ष्यद्वीप और तमिलनाडु के छह दिवसीय दौरे पर थीं। उन्होंने इस दौरे को एक यादगार अनुभव बताया था।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वी.वी. गिरि ने 2 सितम्बर 1970 को रॉक मेमोरियल का उद्घाटन किया था। यह स्वामी विवेकानंद के साथ-साथ एकान्तजी रानाडे का भी स्मारक है।

कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानन्द का यह स्मारक-एकता और पवित्रता का एक अनूठा प्रतीक है, जो राष्ट्र की एकजुट आकांक्षा का एक और प्रतीक है। स्मारक में देश की समस्त स्थापत्य सुंदरता का सुखद और सौहार्द्रपूर्ण मिश्रण है।

## नमामि गंगे अभियान से जोड़ें आमजन को : डॉ. यादव

### 5 जून से प्रदेश में शुरू होगा अभियान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में एक बैठक में प्रदेश में 5 जून से प्रारंभ हो रहे नमामि गंगे अभियान की तैयारियों के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नमामि गंगे अभियान से आमजन को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में जल स्रोतों के जीर्णोद्धार और जल संरक्षण के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रारंभ हो रहे जल संरक्षण अभियान, जल सम्मेलन आयोजन, जल संरचनाओं के अतिक्रमण हटाने के अभियान और जल स्रोतों को उपयोगी बनाने के कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा और संबंधित



विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने निर्देश दिए कि शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी सार्वजनिक प्याऊ संचालित हों। पेयजल के कारण कहीं भी समस्या नहीं होना चाहिए। तेज गर्मी से नागरिकों को बचाने के लिए शहर और गांव में आवश्यक शेड और छांव की व्यवस्था की जाए। जहां आवश्यक हो ग्रीन नेट और वाटर स्प्रे के माध्यम से तेज गर्मी से लोगों को राहत दिलवाई जाए। स्थानीय निकाय सक्रिय भूमिका निभायें। बैठक में बताया गया कि जी आई एस सर्वे के आधार पर प्रदेश के नगरीय निकायों में आवश्यक सर्वे का कार्य किया गया है। प्रदेश में झील तथा तालाब संरक्षण की 48 परियोजनाएं स्वीकृत हैं। इंदौर में तलावली चांदा तालाब, खुरई में झील संरक्षण, अशोक नगर में जलाशय के संरक्षण कार्यों की व्यापक सराहना हुई है। प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी नगरीय निकायों द्वारा जलाशयों के संरक्षण और उन्नयन के कार्य लगातार हो रहे हैं। नमामि गंगे अभियान के संबंध में सभी जिलों में आवश्यक निर्देश भेजे गए हैं। जनजागरूकता अभियान के माध्यम से भी गतिविधियों का सक्रिय रूप से संचालन किया जाएगा।

### देवरिया में बोले, राहुल-अखिलेश

## इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो युवाओं को 30 लाख नौकरियां

**देवरिया।** देवरिया में इंडिया गठबंधन के तहत राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित किया। देवरिया, कुशीनगर और गोरखपुर लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने युवाओं की बेरोजगारी पर सवाल खड़ा किया। सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन 30 लाख नौकरियां सरकार में आते ही युवाओं के हवाले कर देगी।



बेरोजगार युवाओं के बैंक एकाउंट में साल के एक लाख रुपये, खटाखट, खटाखट ,खटाटक आ जाएंगे। और पीने के साथ ही गर्मी अधिक है का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने पानी की बोतल से पीने का पानी अपने सिर पर गिरा लिया।

कहा, गर्मी बहुत है। अखिलेश यादव ने कहा, हर जगह भ्रष्टाचार बढ़ा, निवेश के नाम पर सपने दिखाएं, कहां निवेश जमीन पर पहुंचा? इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर बड़े बड़े लोगों से चंदा वसूला, जिसकी वजह से महंगाई है।

खुद को डबल इंजन की सरकार कहने वालों के दावे खोखले हैं। अखिलेश यादव ने कहा ये चुनाव हमारा आपका तो है ही, ये भविष्य की पीढ़ी का चुनाव है और ये चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। ये संविधान हमारी संजीवनी है।

## सरकारी अस्पताल में बदला गया था सैंपल

**पुणे।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया कि नाबालिग आरोपी के पिता ने बेटे की शराब पीने की बात छिपाने के लिए ब्लड सैंपल बदलवाया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके लिए पिता विशाल अग्रवाल ने सरकारी अस्पताल के कर्मचारी को 3 लाख रुपए दिए थे, जिसने फोरेंसिक हेड डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हैलनोर तक ये रकम पहुंचाई थी।

## उज्जैन में 15 और 16 जून को क्षिप्रा परिक्रमा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में आगामी 15 एवं 16 जून को नवमी एवं दशमी पर क्षिप्रा परिक्रमा के कार्यक्रम होंगे। रामघाट से यात्रा प्रारंभ होगी जो दत्त अखाड़ा, त्रिवेणी, गढ़ कालिका और गोमती कुंड जैसे पवित्र स्थलों से निकलेगी। आम जन द्वारा पवित्र क्षिप्रा नदी को चुनरी अर्पित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन शामिल होते इसलिये यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यक्रम पारंपारिक उल्लास के साथ संपन्न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंत्रालय में हुई बैठक में क्षिप्रा परिक्रमा, गंगा दशमी कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 16 जून की शाम रामघाट, दत्त अखाड़ा क्षेत्र में होने वाले सांस्कृतिक आयोजन के स्वरूप की जानकारी प्राप्त की। यह कार्यक्रम महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ तरफ से होगा। इस अवसर पर शिप्रा नदी के महत्व और उसके सांस्कृतिक वैभव की जानकारी देने वाली विशेष पुस्तिका का लोकार्पण भी होगा। सदानीरा केंद्रित ऑडियो-वीडियो सीडी का लोकार्पण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिप्रा परिक्रमा, गंगा दशमी कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन के साथ ही प्रदेश की अन्य प्रमुख नदियों जैसे नर्मदा जी, चंबल, ताप्ती, सोन, सिंध और बेनगंगा आदि के तट पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और जलक्रीड़ा गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए। इसके साथ ही नदियों के किनारे स्थित देव स्थलों की सफाई और मंदिर परिसर की स्वच्छता के कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत बीस वर्ष से क्षिप्रा परिक्रमा, गंगा दशमी का आयोजन हो रहा है जिसमें समाज का प्रबुद्ध वर्ग, आम नागरिक और इतिहास पुरातत्व के विद्ववान भी शामिल होते हैं। यह सामाजिक समरसता का प्रतीक पर्व भी है।

## दिल्ली-वाराणसी इंडिगो फ्लाइट में बम लिखा टिशू पेपर मिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर वाराणसी जाने वाले इंडिगो की फ्लाइट में मंगलवार सुबह टेकऑफ से पहले एक टिशू पेपर मिला, जिसमें 30 मिनट में बम ब्लास्ट लिखा हुआ था। इसे धमकी की आशंका माना गया। इसके बाद क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर्स को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। कुछ यात्री विंग के जरिए प्लेन से उतरते देखे गए। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे। दिल्ली एयरपोर्ट पर क्यूआरटी और बम डिस्पोजल टीम बुलाई गई। प्लेन की तलाशी ली गई, लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## कोर्ट से आप को झटका, दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी को भेजा गया समन

### 29 जून को पेश होने के लिए बुलाया



**दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच आम आदमी पार्टी (आप) की नेता और दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने आतिशी को समन भेजा है। जिसमें कोर्ट ने आतिशी को 29 जून को पेश होने के लिए कहा है। कोर्ट ने यह समन भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर द्वारा दायर मानहानि के मामले में भेजा है। भाजपा नेता और नई दिल्ली संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली की मंत्री आतिशी ने बिना किसी तर्क के, बिना किसी सबूत के ऑपरेशन लोटस जैसा घिनौना आरोप पार्टी पर लगाया। तब प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दिल्ली की मंत्री पर मानहानि का मामला दायर कराया गया। दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, मैंने पहले ही कहा था कि वे (केंद्र सरकार) अगली बार आतिशी को गिरफ्तार करेंगे।

## छठे चरण में वोटर टर्नआउट 63.37 फीसदी रहा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने छठे चरण (25 मई) का वोटर टर्नआउट जारी किया है। इस फेज का वोटर टर्नआउट 63.37% रहा। इसमें इसमें पुरुषों का 61.95%और महिलाओं का वोटर टर्नआउट 64.95% रहा। यानी पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा वोट दिया।

6 चरणों की वोटिंग में अब तक सबसे ज्यादा वोटर टर्नआउट चौथे चरण में 69.58% रहा। सातवें और अंतिम चरण में 1 जून को वोटिंग होगी।

चुनाव आयोग ने चुनाव के 48 घंटे के भीतर बूथ वार वोटिंग का



डेटा सार्वजनिक करने की मांग का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट में आयोग ने 22 मई को कहा, फॉर्म 17सी (हर मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकॉर्ड) के आधार पर वोटिंग डेटा का खुलासा करने से मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा होगा, क्योंकि इसमें बैलेट पेपर की गिनती भी शामिल होगी। आयोग ने कहा, ऐसा कोई कानून नहीं है, जिसके आधार पर सभी मतदान केंद्रों का फाइनल वोटिंग डेटा जारी करने के लिए कहा जा सके। फॉर्म 17सी केवल पोलिंग एजेंट को दे सकते हैं। इसे किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को देने की अनुमति नहीं है। फॉर्म 17सी वह प्रमाण पत्र है, जिसे पीठासीन अधिकारी सभी प्रत्याशियों को प्रमाणित करके देता है। चुनाव आयोग ने कहा, कई बार जीत-हार का अंतर नजदीकी होता है। आम वोटर फॉर्म 17सी के अनुसार बूथ पर प? कुल वोटों और बैलेट पेपर को आसानी से नहीं समझ सकते। ऐसे में इसका इस्तेमाल गलत तरीके से चुनावी प्रक्रिया पर कलंक लगाने के लिए किया जा सकता है, जिससे मौजूदा चुनाव में अव्यवस्था फैल सकती है।

## सीबीआई जांच में उपयुक्त पाए गए नर्सिंग कॉलेजों की होगी जांच

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच में उपयुक्त पाए गए नर्सिंग कॉलेजों की दोबारा जांच के निर्देश दिए हैं। इनकी संख्या 169 हैं। हाईकोर्ट ने ला स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अधिवक्ता विशाल बघेल की याचिका पर यह आदेश दिया है। अदालत ने पूरी जांच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने भी कहा है। याचिकाकर्ता ने आवेदन पेश कर ऐसे नर्सिंग कॉलेजों की फिर से जांच कराने की मांग का आवेदन हाई कोर्ट में पेश किया था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने इसे स्वीकार कर लिया। दोबारा होने वाली जांच में संबंधित जिले के न्यायिक मजिस्ट्रेट भी सीबीआई के साथ उपयुक्त रहेंगे।

इन सभी कॉलेजों के संचालक और प्रिंसिपल की उपस्थिति में जांच कराई जाएगी। इससे पूर्व हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई की जांच टीम ने प्रदेश के 600 में से 308 नर्सिंग कॉलेजों की जांच रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट के अनुसार, 308 नर्सिंग कॉलेज में से 169 फिट और 66 अनफिट हैं। इनमें भोपाल के जीएमसी समेत 10 सरकारी हैं। वहीं, 73 कालेज मानक पूरे नहीं कर रहे हैं।

### झरोखा




## केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार, 28 मई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 50 दिन जेल में रहने के बाद उन्हें 10 मई को जमानत मिली थी। उनकी 21 दिन की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है।

दिल्ली की लोकल कोर्ट ने 28 मई को केजरीवाल के खिलाफ ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने के अपने आदेश को 4 जून तक सुरक्षित रख लिया है। ईडी ने 17 मई को राउज एवेन्यू कोर्ट में 18वीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें केजरीवाल और आप को आरोपी बनाया था।

## भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर में बिगड़े हालात

नई दिल्ली

चक्रवात रेमल के कारण पश्चिम बंगाल समेत पूर्वोत्तर के लगभग सभी राज्य प्रभावित हुए हैं। भारी बारिश के कारण इन राज्यों के कई इलाकों में जलभराव हो गया। नदियों का पानी बढ़ने से सड़कें बह गईं, जिससे सामान्य जनजीवन काफी ज्यादा प्रभावित हो रहा है। कई इलाकों में भूस्खलन के कारण इमारतें ढह गईं। पश्चिम बंगाल में चक्रवात रेमल के प्रभाव से 2,140 से अधिक पेड़ उखड़ गए और लगभग 1,700 बिजली के खंभे भी गिर गए।

भारी बारिश के कारण असम के दीमा हसाओ जिले में हफलॉन्ग-सिलचर को जोड़ने वाली रोड बह गई। फिलहाल एक जून के लिए हाफलोंग-सिलचर





कनेक्टिंग रोड को बंद कर दिया गया है। तूफान रेमल के प्रभाव से अबतक राज्य में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि, 17 अन्य घायल हैं। मोरीगांव जिले में एक पेड़ गिरने से 17 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली में तूफान के कारण स्कूल बस पर एक पेड़ गिरने से 12 बच्चे घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडु ने मंगलवार को राज्य के लोगों से सभी एहतियाती कदम उठाने और तूफान से प्रभावित क्षेत्रों से बचने का अनुरोध किया। मौसम विभाग ने मंगलवार और बुधवार को कुरुंग कुमेय, निचला सुबनसिरी, शि-योमी, पश्चिम सियांग, लोहित, चांगलांग, तिरप और लोंगडिंग जिले में भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है।

पक्के-केसांग, पापुम पारे, सियांग, लोहित, पूर्वी कामेंग, पश्चिमी कामेंग, कुरुंग कुमेय, पश्चिमी सियांग और निचली दिबांग घाटी जिले में भी 29 और 30 मई को बिजली गरजने और भारी बारिश की संभावना है।

भारी बारिश के कारण मणिपुर के भी कई इलाके जलमग्न हो गए, इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। पूर्वी इंफाल जिले के जलभराव के कारण एंड्रो पार्किंग, चेकॉन, महाबली और वांगखेई में यातायात प्रभावित हुआ। फिलहाल राज्य में किसी के भी हताहत होने या मौत की सूचना नहीं मिली है।

एक अधिकारी ने बताया कि एनएस 37 इंफाल-सिलचर राजमार्ग पर कांगपोकपी जिले के सिनम गांव के पास भूस्खलन के कारण एक ट्रक खाई में गिर गया। सेनापति जिले में कई नदियां उफान पर हैं। बाढ़ का पानी जिले के कई इलाकों में घुस गया।

# रीवा संभागीय कमिश्नर ने परियोजनाओ के भू अर्जन से संबंधित शिकायतो को सुना

## सेटलाईट सर्वे को मूल आधार मानकर मुआवाजा किया जायेगा निर्धारित : कमिश्नर



**सिंगरौली।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपल चंद डांड के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में परियोजनाओ से संबंधित शिकायतो की जॉच हेंतु बैठक आयोजित हुई। रीवा कमिश्नर के द्वारा बैठक के दौरान ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाईन के सिंगरौली जिले से संबंधित प्रकरणो की समीक्षा की गई। एवं रेलवे लाईन से संबंधित भू अर्जन एवं मुआवजा भुगतान के संबंध में उपस्थित आम जन के द्वारा प्राप्त आवेदनो को गहनता पूर्वक सुनने के पश्चात संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिये। तथा जॉच से संबंधित विषय विंदु एवं प्रस्तुत किये गये आवेदनो को भी सुना गया। कमिश्नर ने बैठक के दौरान कलेक्टर को इस आशय के निर्देश दिये कि भू अर्जन की सभी प्रक्रिया को बेवसाईट पर अपलोड कराये। ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा, उपखण्ड अधिकारी माड़ा राजेश शुक्ला, उपखण्ड अधिकारी देवसर अखिलेश सिंह, उपखण्ड अधिकारी चितरंगी सुरेश जाधव सहित जॉच दल के सदस्य एवं रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुलियरी कोल ब्लाक के विस्थापित रीवा कमिश्नर से की मुलाकात

सुलियरी कोल ब्लाक के व्याप्त समस्याओ को लेकर विस्थापितां ने आज कलेक्ट्रेट सिंगरौली में रीवा कमिश्नर से मुलाकात की। जिसमें बताया कि अवार्ड से पृथक संपत्ति एस-9 का प्रतिकर राशि 107 करोड़ बैंकर चेक के माध्यम से बिना घर गिराए मौके से कब्जा नहीं लिया गया। कैंप के माध्यम से बैंकर चेक वितरण किया जा चुका है। तथा शेष प्रतिकर राशि बहुत कम लगभग 15 करोड़ रुपए वितरण करने हेतु नया कानून बनाया गया है की घर गिराने के बाद वितरण किया जायेगा। जो काफ़ी निंदनीय है। एक ही विस्थापित के साथ अलग-अलग ब्यौहार किया जा रहा है। जिससे गांव के लोगों में इस नए कानून से काफ़ी नाराज है। जब तक किसी भी विस्थापित का परिसंपत्तियों का प्रतिकर राशि मुआवजा का भुगतान नही किया जाता। तब तक उसे विस्थापित नही किया जा सकता। कंपनी के द्वारा भूमि अधिनियम के प्रावधानों का उलंघन किया जा रहा है।

### विस्थापन से जुड़े समस्याओं का एपीएमडीसी कंपनी नही कर रही निराकरण

रीवा संभाग के कमिश्नर गोपल चंद डांड के दिए ज्ञापन में विस्थापितों ने बताया है कि एपीएमडीसी कोल ब्लॉक के द्वारा विस्थापितों का शोषण किया जा रहा है। एवं कंपनी के द्वारा विस्थापितों को समस्त सुविधाओं से वंचित किया जा रहा और कंपनी का खनन का कार्य लगातार अग्रसर होता जा रहा है। इस सम्बंध में 24 सितंगर 2021 से 27 सितंबर 2021 तक विस्थापितों के द्वारा अनवरत शान्ति पूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन डोंगरी में रखा गया था। जिसके उपरांत मौके पर पहुंचे उपखंड अधिकारी के द्वारा विस्थापितो की समस्त समस्याओं का निराकरण 30 दिवस के अंदर पूर्ण करने का लिखित आश्वासन दिया गया था। जिसमे जिसकी छायाप्रति संलग्न है। एवं 27 अक्टूबर 2021को तत्कालीन अपर कलेक्टर ने एक बैठक के दौरान उन्होंने भी लिखित आश्वासन 3 नवंबर 2021 तक समस्त मांगो को पूरा करने को दिया गया। जिसमे प्रशासन एवं कंपनी के द्वारा अभी तक किसी प्रकार समस्याओं का निराकरण अभी तक नहीं किया गया है। विस्थापितों को परियोजना क्षेत्र के पुश्तैनी निवासी जिनका विस्थापित सूची से नाम छूट गया उनका विस्थापित कार्ड एवं विस्थापन लाभ नहीं दिया जा रहा है। पुनर्वास कालोनी खनुआ भूमि अधिनियम तहत सर्व सुविधा युक्त तैयार होने के बाद विस्थापन किया जायेगा। लेकिन पुनर्वास कालोनी में पानी, हॉस्पिटल, आगनवाड़ी केंद्र,राशन दुकान,खेल ग्राउंड, सामुदायिक भवन, पंचायत भवन अन्य मूलभूत सुविधा बिना दिए बल पूर्वक कंपनी द्वारा हटाया जा रहा है। सुलियरी कोल माइंस में 5000 से ज्यादा वर्कर काम कर रहे जिसमे परियोजना से विस्थापित टोटल 180 लोगो को रोजगार दिया गया है। शेष लोगो को नौकरी नहीं दिया जा रहा है। पुनर्वास नीति तहत कृषि मजदूरी दर के हिसाब से आज 7000 बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा जबकि महंगाई दर को देखते हुए आज का दर अन्य कंपनी में 10300 दिया जा रहा है। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क में 12टन भारी वाहन चलने का प्रावधान है जबकि उसी ग्रामीण रोड में 60 तन भारी वाहन कोयला परिवहन कर रहे जिसमे आए दिन लगातार दुर्घटना होती रहती है। परियोजना से विस्थापितों को प्लाट नहीं दिया गया है। पुनर्वास नीति अनुसार तेंदूपता का पैसा 50000 प्रावधान है जबकि आज दिन तक किसी विस्थापित को नहीं दिया गया है। विस्थापितों ने रीवा कमिश्नर से पत्र के माध्यम से मांग किया है कि सभी बिंदुओं का जल्द से जल्द निराकरण करने का जिला अधिकारी एवं कंपनी के अधिकारियों निर्देशित किया जाए।

# दो किलो गांजा व बाइक के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा

## छत्तीसगढ़ से गांजे की खेप लेकर आया युवक गिरफ्तार



**सिंगरौली।** गांजे की तस्करी में लिप्त एक युवक को सासन चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि युवक छत्तीसगढ़ से गांजे की खेप लेकर सासन आ रहा था। तभी उसे पकड़ लिया गया है।

आरोपी युवक अरविंद शाह पिता स्वर्गीय रामसजीवन शाह उम्र 26 साल निवासी सिद्धीकला के बारे में मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बाइक में गांजे की खेप लेकर छत्तीसगढ़ से आ रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने काम गांव के पास घेराबंदी कर आरोपी युवक को रोककर उसकी जांच की तो बाइक की डिग्गी में छिपाकर रखा गया दो किलो गांजा मिला। जब्त किए गए गांजे की कीमत 20 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी युवक लंबे समय से चोरी-छिपे गांजे की तस्करी क्षेत्र में कर रहा था। पूछताछ के दौरान युवक ने पुलिस को उन लोगों के नाम बताए हैं। जिनके पास से वह गांजे की खेप लेकर आता था। जिन लोगों को वह गांजा बेचता था। उनके बारे में भी पुलिस को जानकारी लगी है। लिहाजा पुलिस अब उन सभी की तलाश कर रही है। गांजे की तस्करी में लिप्त युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसपी निवेदिता गुप्ता, एएसपी एसके वर्मा, सीएसपी पुन्नू सिंह परस्ते के निर्देश पर की गई कार्रवाई में सासन चौकी प्रभारी संदीप नामदेव, संतोष साकेत, राजकुमार शाक्य, जितेंद्र, मुनेंद्र, लल्लू शामिल थे।

# 30 को युवा कांग्रेस निगाही में केटीएल का कार्य बंद कराकर करेगी प्रदर्शन

**सिंगरौली।** निगाही में ओबी कंपनी केटीएल सिक्कल लॉलिस्टिक कंडोई के खिलाफ परिक्षेत्र में विरोध का क्रम बढ़ता ही जा रहा है। इस क्रम में अब युवा कांग्रेस भी विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी मे हैं। इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि युवा कांग्रेस के सिंगरौली विधानसभा अध्यक्ष अजय सिंह चंदेल डब्बू ने भी नेतृत्व में आगामी 30 मई को केटीएल का घेराव कर प्रोडक्शन बंद कराया जाएगा। अजय सिंह ने कहा है कि केटीएल के द्वारा भर्ती प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। स्थानीय मजदूरों व विस्थापितों के अधिकारों का हनन कर ओबी कंपनी के जिम्मेदार दो-दो लाख रूपये की मोटी रकम वसूल कर बाहरी लोगों को रोजगार दे रहे हैं। और स्थानीय की उपेक्षा कर रहे हैं। जिससे स्थानीय मजदूर व विस्थापितजन दर-दर भटकने को मजबूर हैं। प्रशासन के निर्देशों के बाद भी केटीएल के जिम्मेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं। इसलिए केटीएल की इन मनमानियों को सहन नहीं किया जाएगा और विरोध प्रदर्शन के अलावा दूसरा कोई मार्ग शेष नहीं बचा है।

# दो बाइक आपस में भिड़ी, युवक हुआ घायल

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना क्षेत्र के गुलरिहा गांव के पास दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत होने से एक बाइक सवार घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि तीरथ साकेत अपनी बाइक से अपने गांव दरबारी जा रहा थाए तभी गुलरिहा गांव के पास सामने से तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीरथ के शरीर में गंभीर चोटे पहुंची हैंए जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीडति की शिकायत पर चितरंगी थाना पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है।

# गर्मी से बचने सीएमएचओ ने जारी किया एडवाइजरी

## लू के लक्षण एवं लू से बचने बताए उपाय

**सिंगरौली।** सीएमएचओ डॉ.एनके जैन ने गर्मी से बचने के लिए एडवाइजरी जारी किया है। जिसमें बताया है कि हीट स्ट्रोक सन स्ट्रोक शरीर की वह अवस्था है,जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस 104 डिग्री फारेनहाइट के पास पहुँच जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। यह स्थिति एकाएक आ सकती है या धीरे-धीरे। इस समस्या की जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बन्द कर सकती है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले,तो मृत्यु भी हो सकती है।

### ये हैं लू के लक्षण

बताया गया कि तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना,कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना,शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना,सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना,अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना,भूख कम लगना,बेहोश होना।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अत इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहियें। पानी अधिक मात्रा में पीये,अधिक समय तक धूप में न रहें,बहुत अनिवार्य हो तो ही घर से बाहर जायें,बच्चे बुजुर्ग एवं बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकले, विशेषत दोपहर में 12 से 4 बजे के मध्य घर से बाहर ना जाएँ। धूप में निकलने से पहले सर एवं कानों को कपडे से अच्छी तरह ढक ले।

गर्मी के दौरान नरम,मुलायम सूती हल्के ढीले-ढाले सूती वस्त्र पहनना तथा धूप में चश्मा छाता, टोपी एवं जूता पहन कर घर से निकले। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल, लस्सी,मट्टा एवं फलों का रस पीये शरीर में मिनेरल्स की कमी न होने दे। गरिष्ठ एवं मसालेदार भोजन से बचे। चक्कर आने, मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें। उल्टी,सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लिया जाये। गर्म हवाओं की स्थिति जानने के लिए रेडियोए टीवी पर मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त करते रहें। उल्टी, सिर दर्द,तेज बुखार की स्थिति में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श प्राप्त किया जाए। यात्रा के समय पानी की बोतल, ओआरएस पेकेट साथ में रखना चाहिए।

# अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त



**सिंगरौली।** सासन चौकी पुलिस ने अवैघ रेत परिवहन करते ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली की ग्राम सिद्धिकला रोड पर एक ट्रैक्टर रेड़ नदी से अवैध बालू लेकर जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर ग्राम सिद्धिकला मलंगिया डाड तरफ रवाना किया गया। जहां पुलिस को पहुचते ही ट्रैक्टर को रोका तो ड्राईवर ट्रैक्टर छोड़ के भाग गया। देखा तो ट्राली में रेत लोड थी । ट्रेक्टर स्वराज कंपनी का बिना नंबर का मय ट्राली के जिसमे रेत लोड था। उक्त ट्रेक्टर को मौके पर समक्ष गवाहानों की उपस्थित मे कार्यवाही कर टेक्टर को अबैध रेत परिवहन करते पाये जाने पर थाना वैढ़न मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त कार्यवाही में सासन चौकी प्रभारी संदीप नामदेव, प्रआर राजू रावत,आर .राहुल सिंह,जितेंद्र सिंह,राजकुमार शाक्य,मुकेश कुमार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गड्ढे में डूबने से दस वर्षीय बालक की मौत

**सिंगरौली।** मोरवा थाना क्षेत्र के गुल्लाडांड़ निवासी एक दस वर्षीय बालक की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बालक रजनीश साकेत पिता केवल प्रसाद साकेत सोमवार की दोपहर को घर से बगैर बताए चला गया था। काफी देर तक जब बालक घर लौटकर नहीं आया तो उसकी मां उसे तलाशने निकली। तो सीटीआई पहाड़ी के पास गड्ढे के पास चप्पल और पकड़े पड़े दिखे। हल्ला.गोहार करने पर गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे और एक व्यक्ति गड्ढे में बालक की तलाश के लिए घुसा तो उसे पानी में डूबा बालक मिला। जिसे बाहर निकाला गया। जब तक बालक को बाहर निकाला गया। तब तक काफी देर हो चुकी थी। बालक के गड्ढे में डूबने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मोरवा थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कराने के बाद पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# कलेक्टर के नेतृत्व में 5 जून को जिले में वृहद स्तर पर चलाया जायेगा अभियान

**सिंगरौली।** नमामि गंगे परियोजना के तहत जिले के जल स्त्रोतो के संरक्षण एवं पुर्नजीवन का विशेष अभियान 5 जून से 15 तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में आयोजित होगा। इस अभियान के तहत जल स्त्रोतो नदी तालाबो, पोखरी, बावडी सहित अन्य जल स्त्रोतो में सामूहिक रूप से अभियान चलाकर उनमें स्वच्छ जल आगम सुधार साफ -सफाई गहरीकरण आदि के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। जिला स्तर पर अभियान का शुभारंभ कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के नेतृत्व में नगरीय क्षेत्र में स्थित चिन्हित किये गये जल स्त्रोत में सामूहिक भागीदारी के तहत किया जायेगा। जिसके तैयारियो के लिए नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये गये है। साथ ही जिले उक्त दिवस को जिले के सम्मानित जन प्रतिनिधियो सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी अभियान में जोड़े जाने का उल्लेख किया गया है। वही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रो में चिन्हित किये गये जल स्त्रोतो में अभियान के दौरान साफ-सफाई,गहरीकरण का कार्य किया जायेगा। अभियान के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में वृक्षा रोपण भी किये जायेगे ताकि जल स्त्रोतो के साथ साथ पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके।

# बरगवां में पेयजल के लिए मचने लगा हाहाकार, टैंकर सप्लाई नाकाफी

## समय पर कवायद नही होने से व्यवस्थाएं चरमराई, हैंडपंपों से निकल रहा पानी की जगह हवा




**सिंगरौली।** नगर परिषद बरगवां क्षेत्र में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है। बाजार और कुछ वार्डों को छोड़कर परिषद के टैंकर से वाटर सप्लाई लगभग फेल की स्थिति में हैं। भीषण गर्मी में पानी की बड़ी खपत के बाद बरगवां जैसे छोटे से कस्बे में खरीदकर पानी पीने की मजबूरी हो चुकी है। छोटे.बड़े दुकानदार अथवा रहवासी हर दिन 20 लीटर वाला आरओ वॉटर कैन मंगवाते हैं। कई बार तो एक की बजाय दो कैन मंगवाए जा रहे हैं। गर्मी के शुरूआती दिनों से बरगवां में पेयजल के लिए जरूरी इंतजाम करने की कवायद चल रही थी लेकिन तैयारियां किराए के टैंकरों तक सिमट कर रह गयी है। पंचायत के समय से बनी व्यवस्था कस्बे में लम्बे समय तक टैंक से पानी आपूर्ति किया जा रहा है। जो समय के अनुसार पूर्णरूपेण आपूर्ति करने में सक्षम नहीं है। गर्मी बढ़ने के साथ ही साथ पानी की खपत बढ़ गयी है। नगर परिषद बरगवां क्षेत्र में हर दिन हजारो रूपये का पानी बिक्री होता है। जिसकी चपेट में यहां के रहवासी व दुकानदार हर दिन एक जार पानी पहले से लेकर रखने को विवश होते है। अभी तक कई वार्डों में कुछ हैंडपंप चालू थे। जिनकी पिछले वर्ष मरम्मत हुई थी लेकिन नौतपा में हो रही भीषण गर्मी में पानी हैंडपम्प के पाइपों को छोड़कर पाताल पहुंच गया है। धीरे-धीरे अब तक चालू हैंडपम्प भी गर्मी की मार से साथ छोड़ रहे हैं। पूरे बरगवां में पानी के लिए हाहाकार मचना शुरू हो गया है। नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी अभी तक रहवासियों के लिए पर्याप्त पेयजल भी नहीं उपलब्ध करा पा रहे हैं।

# शहर के विकास के लिए नगर निगम सतत प्रयत्नशील है : आयुक्त

## 5 जून से चलाया जाएगा पर्यावरण संरक्षण अभियान



**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक मे नगर के विकास कार्यों की समीक्षा की। जहां बैठक के दौरान सभी तकनीकी अधिकारी और कर्मचारी को निर्देशित किया कि निगम द्वारा जितने भी विकास कार्य पूर्ण किए गए है और जितने भी संविदाकार है जिनके पेमेंट पेंडिंग है उन सभी फाइल की पेमेंट रिपोर्ट अगली टीएल तक प्रस्तुत की जाए।

बढ़ते तापमान और गर्मी को देखते हुए पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी वार्ड प्रभारी अपने-अपने वार्ड में पेयजल की व्यवस्था को देखें और ये सुनिश्चित करें। सभी वार्डों पे पानी की समुचित व्यवस्था हो। साथ ही विद्युत की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए के सभी वार्ड, सार्वजनिक स्थल और पार्कों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो और किसी भी जगह अनावश्यक स्ट्रीट लाइट चालू ना रहे। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि घर-घर कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियां सभी वार्डों में समय पे पहुंचे। इसके साथ ही नगर की प्रमुख बाजारों में लगी दुकानों में डस्टबिन रहे इसके लिए एक स्वच्छता दल मॉनिटरिंग करे। इसके साथ ही दुकानदारों और व्यापारियों को समझाया जाए कि नगर को स्वच्छ बनाएं और समझाइश न मानने वालो पर चालानी कार्रवाई की जाए। साथ ही निगम आयुक्त द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जिन चिन्हित जगह से अतिक्रमण हटाया गया उन चिन्हित जगहों पर निगम के अतिक्रम दल द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जाए। आगामी 5 जून से 15 जून तक पर्यावरण और तालाब सौंदर्यीकरण से संबंधित कैंपियन का आयोजन निगम द्वारा किया जाएगा। जिसमें निगम के अधिकारी, कर्मचारी, सफाई मित्र, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, मीडियाकर्मी और बच्चे,युवा एवं समस्त नगर वासी श्रमदान कर अपना सहयोग दे सकते है। निगम आयुक्त ने पर्यावरण का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण के कारण ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। टीएल बैठक के उपरांत आयुक्त के साथ सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने पर्यावरण के बचाव और संरक्षण के लिए संयुक्त रूप से शपथ ली कि हम पर्यावरण को बचाने के लिए पर्यावरण अनुकूल आदतों और व्यवहारों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएंगे।

# पीएम श्री टमसार का 95 प्रतिशत आया परीक्षा परिणाम

## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास रमसा की सभी बालिकाएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुई

### कम संसाधन में भी अच्छा कर दिखाया टमसार स्कूल ने

**सीधी।** सीधी जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर वनांचल कुसमी के टमसार गॉव में संचालित पीएम श्री स्कूल स्वच्छ एवं मनमोहक परिसर, विद्यालय में प्रेरणा दायी कोटेशन, दीवारों में मनमोहक आकृतियॉं, सुसज्जित प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब एवं खेल मैदान के लिये अपने अंचल में लोकप्रिय है। इस विद्यालय में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थी अध्ययन करते है। इस वर्ष कुल 1024 विद्यार्थी अध्ययनरत थे जो कि कुसमी विकास खण्ड में सर्वाधिक संख्या रही है। नामांकन के दृष्टिकोण से कुसमी विकास खण्ड का यह बड़ा विद्यालय है।

समय से समय तक संचालित होने वाले इस विद्यालय में नियमित रूप से सांस्कृतिक गतिविधियॉं आयोजित होती है। ओजस क्लब, कैरियर काउंसलिंग, उमंग कक्षायें और सी.सी.एल.ई. गतिविधि उत्साह के साथ संचालित होती है। विद्यार्थियों में शारीरिक एवं मानसिक विकास हो इसके लिये विद्यालय में खेल गतिविधि नियमित रूप से संचालित होती है। अभिभावक शिक्षक संवाद कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया जाता है। शैक्षणिक भ्रमण भी विद्यार्थियों को कराया जाता है। बालसभा का आयोजन छात्रों के जीवन में सकारात्मक पहलू एवं मानवीय मूल्यों से परिचित कराने हेतु किया जाता है।






पीएम श्री स्कूल टमसार में शिक्षकों द्वारा समर्पण के साथ अध्ययन अध्यापन कराया जाता है। विद्यालय में गृहकार्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है और गृह कार्य का मूल्यांकन नियमित रूप से करते है। विद्यार्थियों द्वारा की गई गलती को शिक्षक सुधार करते है अच्छा लिखने वाले विद्यार्थी की प्रसंशा होती है इससे अन्य छात्र भी प्रेरित होकर स्वयं सुधार करते है।

गतवर्ष इस विद्यालय के दो छात्रों को स्कूटी योजना का लाभ मिला। यही से विद्यार्थियों में एक-दूसरे से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा शुरू हुई। इस वर्ष कक्षा 10वीं में 160 विद्यार्थी शामिल हुये जिसमें 152 विद्यार्थी सफल हुए प्रथम श्रेणी में 136 और द्वितीय श्रेणी में 16 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 248 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये और 218 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये जिसमें 197 बच्चे प्रथम श्रेणी में और 21 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। 44 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित किया।

दूर दराज ग्राम से कक्षा 12 वी में होस्टल में रहकर 23 बालिकाएं पढ़ाई कर रही थी। सभी 23 बालिकाएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुई है, इसी प्रकार दसवीं कक्षा की 27 बालिकाएं जो हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी वह सभी 27 बालिकाएं उत्तीर्ण हुई है। टमसार का कस्तूरबा गांधी छात्रावास बालिकाओं के लिए वरदान है। इस 100 सीटर छात्रावास में 110 से ज्यादा बालिकाएं रह कर शिक्षा ग्रहण कर रही है।

विद्यालय के प्राचार्य रामपाल सिंह ने कहा कि यह हमारी नियमित उपलब्धि है जिसमें हमारे योग्य और कर्मठ शिक्षकों की अटूट मेहनत के कारण आज हम इस मुकाम में है। वरिष्ठ अधिकारियों के भ्रमण एवं मार्गदर्शन मिलते रहने से हमे नई दिशा मिलती है। अगले वर्ष इस परीक्षा परिणाम को कायम रखना है और 100 प्रतिशत तक ले जाने के लिये कोशिश करनी है। प्राचार्य रामपाल सिंह ने विद्यार्थियों के अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। वह कहते है कि परीक्षा परिणाम वृद्धि में अभिभावकों का अति महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसमें छात्रों को नियमित स्कूल भेजना सबसे प्रमुख है।

# मतगणना के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मतगणना दिनांक 04.06.2024 को संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाना है। जिसमें पोस्टल बेलेट मतगणना हेतु टेबल लगाई जाना है तथा प्रत्येक टेबल पर 01 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं ईटीबीपीएस के पोस्टल की स्केनिंग हेतु एक सहायक अधिकारी की नियुक्ति की जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने आदेश जारी कर मतगणना के कार्यों के निष्पादन में रिटर्निंग ऑफिसर की सहायता करने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार विधानसभा 76-चुरहट के लिए शैलेश द्विवेदी ए.आर.ओ. चुरहट एवं राकेश शुक्ला प्रभारी तहसीलदार तहसील चुरहट को ए.आर.ओ. नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नितिन झोड़ नायब तहसीलदार को अतिरिक्त ए.आर.ओ. पोस्टल बैलेट तथा रामप्रताप सोनी नायब तहसीलदार चुरहट को अतिरिक्त ए.आर.ओ. ईटीपीबीएस/पोस्टल बैलेट हेतु नियुक्त किया गया है। विधानसभा 77-सीधी के लिए प्रिया पाठक ए.आर.ओ. सीधी एवं जान्हवी शुक्ला तहसीलदार गोपद बनास सीधी को ए.आर.ओ. नियुक्त किया गया है। निवेदिता त्रिपाठी नायब तहसीलदार गोपद बनास सीधी को अतिरिक्त ए.आर.ओ. पोस्टल बैलेट तथा तीरथ प्रसाद अक्षरिया प्रभारी नायब तहसीलदार सीधी को अतिरिक्त ए.आर.ओ. ईटीपीबीएस/ पोस्टल बैलेट हेतु नियुक्त किया गया है। विधानसभा 78-सिहावल के लिए प्रशांत कुमार त्रिपाठी डिप्टी कलेक्टर सीधी एवं दिनेश तिवारी नायब तहसीलदार सिहावल को ए.आर.ओ. नियुक्त किया गया है। इन्द्रभान सिंह नायब तहसीलदार तहसील सिहावल को अतिरिक्त ए.आर.ओ. पोस्टल बैलेट तथा चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी प्रभारी तहसीलदार सिहावल को अतिरिक्त ए.आर.ओ. ईटीपीबीएस/ पोस्टल बैलेट हेतु नियुक्त किया गया है। विधानसभा 82-धौहनी के लिए आर.पी. त्रिपाठी ए.आर.ओ. मझौली एवं राजेश पारस नायब तहसीलदार मझौली को ए.आर.ओ. नियुक्त किया गया है। दशरथ सिंह तहसीलदार मझौली को अतिरिक्त ए.आर.ओ. पोस्टल बैलेट तथा वाल्मीक साकेत प्रभारी नायब तहसीलदार मझौली को अतिरिक्त ए.आर.ओ. ईटीपीबीएस/ पोस्टल बैलेट हेतु नियुक्त किया गया है।

### विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षण अभियंता (संचा/संधा) म. प्र. पू. क्षे. वि. वि. कं. लिमि. सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि आरडीएसएस योजना अंतर्गत 33 केवी सिहावल लाइन के कन्डेक्टर की क्षमता वृद्धि एवं मिड स्पान पोल लगाने के लिए प्रोग्राम निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 29.05.2024 को कुबरी बरमबाबा (220 के.व्ही. उपकेन्द्र से 04 पोल तक), दिनांक 30.05.2024 से 01.06.2024 तक कुबरी बरमबाबा (04 पोल से पटेहरा तक), दिनांक 02.05.2024 से 04.05.2024 तक कुबरी (पटेहरा से मडरिया बाईपास तक) के प्रभावित ग्राम कुबरी अमरपुर, खोचीपुर, कुचवाही मुख्यालय से संबंधित सभी ग्रामों में समय सुबह 06 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। समय को आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

# किसानों तक खेती, पशुपालन और मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकी ज्ञान पहुचाएं : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने कहा है कि किसानों की उन्नति और प्रगति के लिए किसानों तक आधुनिक कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, बकरी पालन एवं उद्यानिकी फसलों की आधुनिकतम कृषि तकनीक पहुचाएं। कमिश्नर ने कहा है कि शहडोल संभाग के किसानों को आधुनिकतम कृषि तकनीक का लाभ मिलना चाहिए। उन्हानें कहा है कि शहडोल जिले में लगभग 65 हजार हेक्टेयर पड़त भूमि है। इस भूमि से किसानों को कोई लाभ नहीं हो रहा है। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल जिले में पड़त भूमि पर भी किसानों को खेती करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें। पड़त भूमि में किस प्रकार खेती की जा सकती है इसकी जानकारी किसानो तक पहुंचाएं। किसानों को कम लागत में अच्छी फसल के लिए जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। किसानों को वर्मिगकम्पोस्ट बनाना भी सिखाएं। उन्होनें कहा है कि किसानें को पशुपालन, मत्सपालन एवं उद्यानिकी खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित करें। कमिश्नर ने कहा है कि पशुपालन हमारी गौरवशाली परंपरा रही हैं। पशुपालन को पुनः पोशित करने की आवश्यकता है। उन्होनें कहा कि मत्स्यपालन से किसान एक एकड़ भूमि में कई गुना जादा आय अर्जित कर सकता है, यह



संदेश किसानों तक पहुंचना चाहिए। कमिश्नर ने कहा है कि कृषि विभाग उद्यानिकी विभाग, मत्स्यपालन विभाग, पशुपालन विभाग के बीच समन्यवय होना चाहिए। तभी हम किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बना सकते हैं। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद आज कंचनपुर में आयोजित एक दिवसीय कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्यपालन विभाग के मैदानी अधिकारियों, कर्मचारियों के संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को समन्वित रूप से प्रयास करनें होंगे। कमिश्नर ने कहा कि मैदानी अधिकारी, कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में जाएं, किसानों से जीवन्त सम्पर्क स्थापित करे तथा किसानों की कृषि के प्रति मानसिकता में बदलाव लाएं। उन्होंने कहा कि हम सभी किसानों के विकास के लिए हैं, हम सब को मिलकर काम करना होगा। हम सब को मिलकर किसानों का मार्गदर्शन करना होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कहा कि हम सबका दायित्व कृषि की गतिविधियों को आगे बढ़ाना है। हम लक्ष्य आधारित काम करते हैं, हमे इससे ऊपर उठकर किसानों के सर्वांगीण विकास के विषय में कार्य करना होगा। उन्होनें कहा कि खेती से कृषको को भी फायदा हो और इससे जुड़े अन्य लोगों को भी फायदा हो, इस पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। कलेक्टर ने कहा कि अरहर की पूषा-16 किस्म और धान की कई उन्नत किस्में हैं जिन्हें शहडोल जिले में प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, वहीं तिलहन और दलहन मिशन से शहडोल जिले के किसानो को कैसे फायदा हो सकता है इस पर भी कार्य करने के आवश्यकता है। कलेक्टर ने कहा कि शहडोल जिले में कई पुरानी जल संरचनाएं हैं इन संरचनाओं का जीर्णोद्धार कर यहां मत्स्यपालन भी किया जा सकता है। शहडोल जिले के किसानो को मोती की खेती, मुर्गीपालन, बकरी पालन, हल्दी की खेती, नीबू और पपीते के खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित करें। उन्होनें कहा कि शहडोल जिले में फूलों की खेती, लेमन ग्रास की खेती, स्टीविया की खेती से कैसे अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है इसके संबंध में भी किसानों तक जानकारी मैदानी अधिकारी, कर्मचारी पहुंचाएं।

# दुष्कर्म के बाद आरोपित आदिवासी युवतियों से ऐसे बनाता था दूरी

**सीधी।** सात लड़कियों के साथ दुष्कर्म मामले को मजबूत बनाने के लिए साइबर फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम सोमवार को घटना स्थल पहुंची है। टीम आरोपित बृजेश प्रजापति के पास से जब्त 16 मोबाइल,सिम कार्ड और उनकी काल हिस्ट्री से पुलिस मामले की खुर्द बीनी में जुटी हुई है।

पुलिस को संदेह है कि कुछ और भी ऐसे मोबाइल और सिम कार्ड हो सकते हैं, जिनका आरोपित ने उपयोग किया हो, इसलिए पुलिस तलाश कर रही





है। मामले को नतीजे तक पहुंचने के लिए एसआइटी 14 से 15 घंटों से लगातार कर रही है। वो न केवल मोबाइल और सिम कार्ड की तलाश कर रही है, बल्कि वो काल हिस्ट्री के आधार पर और भी ऐसी युवतियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, जिनके साथ आरोपित बृजेश प्रजापति ने दुष्कर्म किया हो। जांच के दौरान पुलिस ने पीड़ित और आरोपित के मोबाइल का सीडीआर निकाला। ऐसे नंबर मिले हैं कि आरोपित घटना के दिन एक नंबर पर 20 से 25 बार बात करता था। खास यह था कि वह घटना से पहले और घटना के बाद दोबारा बात नहीं करता था। चारों पीड़ित के साथ एक जैसे डिटेल मिले हैं। घटनास्?थल जाने के लिए किन-किन रास्तों से गया। उसके मोबाइल टावर लोकेशन भी देखा जा रहा है। चार से पांच किमी पैदल चलकर पुलिस बीहड़ जंगल में साक्ष्य जुटाने मेहनत कर रही है। राहुल और संदीप प्रजापति दोनों सगे भाई हैं, जो रिश्ते में आरोपित के चचेरे साले हैं। आरोपित को अंजाम देने के बाद इन्हें बताया करता था। लेकिन यह खाने पीने चक्कर में शांत रहते थे। लवकुश प्रजापति एप को डाउनलोड किया था। पहली शिकायत दर्ज होने के बाद साइबर के जरिए पुलिस अन्य पीड़िता तक पहुंच गई। डॉ रवींद्र वर्मा पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता से 4-5 घंटे तक बातचीत काउंसिल की। भरोसा दिलाया की आरोपित को कड़ी सजा मिलेगी। इसके बाद एफआइआर दर्ज हुए हैं।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सीधी (म0प्र0)

कमांक-पुअ/सीधी/रनि/ 3672 /2024 दिनांक 24/05/2024

**खुली निविदा विज्ञप्ति**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला सीधी में विभिन्न थानो में शासकीय उपयोग हेतु मासिक किराये पर वाणिज्यिक परिवहन वाहन (बोलेरो संख्या 09) लिए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफो में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 30/05/2024 को समय 16:30 बजे तक है। फर्मो द्वारा प्राप्त निविदाए दिनांक 30/05/2024 को सायं 17:00 बजे गठित कमेटी के समक्ष पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा उपस्थित फर्मो के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

**//खुली निविदा की शर्ते//**

1. उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन वाणिज्यिक परिवहन यान के रूप में दर्ज होने चाहिये तथा संबंधित ट्रेवल एजेंसी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ कार्यालय में पंजीयन होना आवश्यक है।
2. वाहनो की स्थिति व रख रखाव उत्तम श्रेणी का हो तथा पॉच वर्षो से पुराना वाहन किराये पर नही लिया जाऐगा। आवश्यकता के अनुरूप राष्ट्रीय ध्वज/डेंजर लाईट/सीट कव्हर आदि प्रदाय करने होगे।
3. वाहन प्रदाता मय चालक के वाहन उपलब्ध करायेगा। वाहन चालक के पास नियमानुसार वैध कमर्शियल ड्रायविंग लायसेंस होना आवश्यक है तथा वाहन चालक आपराधिक चरित्र का व्यक्ति न हो। वाहन चालक का वेतन/भत्ता एवं अन्य खर्चे जिसमें चालक का दैनिक एवं यात्रा भत्ता शामिल हो, वाहन प्रदाता वहन करेगा।
4. वाहन प्रदाता वाहन की मासिक स्थायी दर 1500 किमी0 के लिये प्रस्तुत करे तथा 1500 किमी0 से अधिक दूरी के लिये प्रति किमी0 की दर प्रस्तुत करते हुये पृथक-पृथक दर लिखकर निविदा प्रस्तुत करें।
5. वाहन प्रदायकर्ता फर्म उक्त दरों मे पीओएल0 को सम्मिलित कर वाहन किराया दर प्रस्तुत करेंगें।
6. वाहन चालक को वाहन के पंजीकरण, बीमा, फिटनेस, फास्टैग (टोल टैक्स सर्टिफिकेट) एवं लायसेंस संबंधी आवश्यक अभिलेख वाहन में साथ में रखना अनिवार्य होगा। वाहन संबंधित सभी भुगतान पूर्ण होना चाहिये।
7. वाहन में हुई किसी तकनीकी खराबी होने के कारण यदि आवश्यकतानुसार वाहन का उपयोग करने में बाधा आती है तो वाहन प्रदाता को अन्य वाहन की व्यवस्था करना होगा।
8. मार्ग मे वाहन खराब होने की स्थिति में वाहन खराब होने के स्थान से गैरेज तक लाने का दायित्व वाहन प्रदाता का होगा।
9. वाहन संधारण, वाहन मे होने वाली टूट-फूट, बैटरी, टायर-ट्यूब आदि के व्यय की संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदायकर्ता की होगी।
10. वाहन मे स्टेपनी, टायर-ट्यूब एवं माईलोमीटर चालू एवं उत्तम हालत होने की जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी ।
11. वाहन दुर्घटना की स्थिति में संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी , वह उसके लिये पूर्ण उत्तरदायी होगा एवं समस्त खर्चे वहन करेगा।
12. वाहन चालक द्वारा उपयोगकर्ता अधिकारी व वाहन प्रभारी से प्रतिदिन मीटर रीडिंग के अनुसार की गई यात्रा का प्रमाणीकरण लागबुक से कराना होगा तथा इसकी प्रतिलिपि देयक के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
13. संबंधित ट्रेवल एजेन्सी देयको के भुगतान हेतु देयक प्रतिमाह की 05 तारीख को रक्षित केंद्र वाहन शाखा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे, ताकि समय पर देयको का भुगतान किया जा सके।
14. वाहन के संबंध मे किसी भी प्रकार का विवाद होने पर उसके निराकरण का उत्तरदायित्व वाहन प्रदाता का होगा एवं यदि कोई वैधानिक क्षतिपूर्ति माननीय न्यायालय द्वारा किसी स्थिति में निर्धारित की जाती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी ।
15. उपरोक्त समस्त शर्तो के संशय/विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर पुलिस अधीक्षक सीधी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

जी-11131/24

पुलिस अधीक्षक
जिला सीधी ( म.प्र. )


# शहडोल संभाग में 05 से 15 जून तक चलाया जाएगा जल संरक्षण अभियान: कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्षाकाल में पानी को संग्रहीत करने के लिए शहडोल संभाग में 05 से 15 जून तक जल संरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत शहडोल संभाग के नगरीय क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों, कुओं, स्टाप डेमों, बावड़ियों की साफ-सफाई वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व करने के निर्देश कमिश्नर ने अधिकारियें को दिए है। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शहडोल संभाग के सभी नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों, नदी, नालों, कुएं, बावड़ियों में किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाना सुनिश्चित किया जाए तथा अतिक्रमण हटाकर तालाबों कुएं बावड़ियों का जीर्णोद्धार कराया जाए। कमिश्नर ने कहा है कि यह कार्य वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व होना चाहिए। इसके लिए सभी नगरपालिका अधिकारी एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कार्य योजना बनाएं तथा कार्य योजना के अुनसार तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य भी जनभागीदारी के साथ कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहडोल संभाग के सभी स्टाप डेमों और बैराजों के गेट निकालने की कार्यवाही अधिकारी 15 जून तक करें। उन्होंने निर्देशित किया है कि जिन स्टाप डेमों का पानी समाप्त हो गया है उनके गेट 07 जून तक निकालना सुनिश्चित करें तथा जिन स्टाप डेमों तथा बैराजों में पानी है ऐसे स्टाप डेंमों के गेट 15 जून तक निकालना सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने शहडोल संभाग के सभी नगरीय निकायों में चल रहे सफाई अभियान की समीक्षा करते हुए कहा है कि शहडोल संभाग के नगरीय निकायों मे चलाए जा रहे सफाई अभियान में संतोषजनक कार्य नहीं हो रहा है। उन्होनें निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के सभी 22 नगरीय निकायों की साफ-सफाई व्यवस्था की मानीटरिंग के लिए संभाग स्तर से अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। संभाग स्तर से नियुक्त अधिकारी नगरीय निकायों का भ्रमण कर वहां की साफ-सफाई की व्यवस्था की मानीटरिंग करेंगे तथा प्रतिवेदन मुझे प्रस्तुत करेंगे। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए है कि शहडोल संभाग के सभी शिक्षक अपने क्षेत्र के आंगनवाडी केन्द्र में सप्ताह में दो बार जाकर बच्चों में मिलेंगे। उन्होनें कहा कि शहडोल संभाग में शिक्षा का स्तर सुधारना हम सभी का दायित्व है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म०प्र०)

क्रमांक/1617/राजस्व/न.पा.नि./2024 रीवा, दिनांक 29/05/2024

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात् कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी। तत्पश्चात् नामांतरण की विधिवत् कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति) | इन्द्राजी का नाम | नामांतरण ग्रहिता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 200 | 26/714 (बदरॉव) | स्व0 श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा पिता श्री यमुना प्रसाद मिश्रा | श्रीमती माण्डवी शुक्ला पति श्री नरेश प्रसाद शुक्ला | पारिवारिक/ वारिसाना |
| 2 | 226 | 15/176 (समान) | श्रीमती शुसीला पटेल पति श्री बिहारी लाल पटेल | श्रीमती वेदकुमारी तिवारी पति श्री रामाभिलाष तिवारी | क्रय-विक्रय |
| 3 | 225 | 15/516 (समान) | श्री यदुवंश प्रसाद द्विवेदी पिता श्री जवाहर प्रसाद द्विवेदी | श्री संतोष कुमार द्विवेदी पिता श्री यदुवंश प्रसाद द्विवेदी | पारिवारिक बटवारा |
| 4 | 224 | 15/3101 (शारदापुरम समान) | श्री वी.आर. सिंह पिता श्री त्रिवेणी सिंह | श्रीमती मुन्नी देवी पति स्व0 श्री शत्रुधन मिश्रा एवं श्री रवी मिश्रा पिता स्व0 श्री शत्रुधन मिश्रा | क्रय-विक्रय |
| 5 | 145 | 40/206 (पाण्डेन टोला) | स्व0 श्री रामेश्वर शर्मा पिता श्री बैजनाथ शर्मा | श्री चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, श्री विजय कुमार शर्मा तीनो के पिता स्व0 श्री रामेश्वर शर्मा | पारिवारिक बटवारा |
| 6 | 222 | 15/257 (समान) | श्री रामदास पटेल एवं श्री मुद्रिका प्रसाद पटेल दोनो के पिता श्री रामगोपाल पटेल | श्री मुद्रिका प्रसाद पटेल पिता श्री रामगोपाल पटेल | क्रय-विक्रय |
| 7 | 223 | 10/187 (अनंतपुर) | श्रीमती सुभद्रा शुक्ला पति स्व0 श्री चन्द्रमणि शुक्ला | श्रीमती ललिता शुक्ला पति श्री चन्द्रभूषण शुक्ला | पंजीकृत दानपत्र |
| 8 | 78 | 17/119 (हेडगेवार नगर) | श्री धीरेश सिंह पिता श्री राघेन्द्र सिंह | श्रीमती गगन सिंह पति श्री अतुल सिंह | क्रय-विक्रय |
| 9 | 232 | 06/640 (खुटेही) | श्री लल्लू सिंह पिता श्री रामगोपाल सिंह | श्रीमती माया अहिरवार पति श्री छविलाल अहिरवार | क्रय-विक्रय |
| 10 | 235 | 05/438/23 (ढेकहा) | श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता पिता श्री शोभनाथ गुप्ता | श्रीमती साक्षी पाण्डेय पति श्री प्रदुम कुमार तिवारी | क्रय-विक्रय |
| 11 | 234 | 29/280 (पाण्डेन टोला) | श्री हरिवंश प्रसाद पाठक पिता श्री राघवेन्द्र पाठक | श्री देवेश कुमार पाठक पिता स्व0 श्री हरिवंश प्रसाद पाठक | क्रय-विक्रय |

उपायुक्त ( राजस्व )
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम, रीवा, ( म.प्र. )

## संपादकीय

# परदेशी शिक्षा की राह में बाधा

हर वर्ष भारत से लाखों विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए आस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन आदि देशों में जाते हैं। कुछ समय पहले तक उन देशों में विदेशी छात्रों के लिए नियम-कायदों में ज्यादा सख्ती नहीं थी, इसलिए वहां जाने को लेकर एक आकर्षण रहा। मगर पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर बदले कूटनीतिक समीकरण और पढ़ाई, रोजगार तथा अन्य वजहों से दूसरे देशों में ठौर खोजने वालों की बढ़ती भीड़ ने जो नई परिस्थिति पैदा की, उसमें उच्च शिक्षा का आकर्षण माने जाने वाले कुछ देशों ने अपने यहां वीजा नियमों में तेजी से तब्दीली की है। नतीजतन, अब उन देशों में जाकर पढ़ाई करने का सपना पालने वाले युवाओं और उनके परिवारों के लिए हालात सहज नहीं रहने वाले हैं। दरअसल, आस्ट्रेलिया ने अब अपनी वीजा नीति में कुछ ऐसे सख्त मानदंड तय किए हैं, जिससे पढ़ाई के मकसद से वहां जाने वाले भारतीय विद्यार्थियों के सामने एक नई मुश्किल खड़ी हो गई है। नई नीति का असर ऐसे विद्यार्थियों पर भी पड़ने वाला है, जो वहां केवल अच्छी शिक्षा के लिए जाना चाहते हैं। दरअसल, आस्ट्रेलिया अपने वीजा नियमों को इसलिए सख्त बना रहा है कि वहां जाने वाले कई विदेशी युवा किसी शिक्षण संस्थान में दाखिला लेने के बाद वहीं कोई नौकरी भी शुरू कर देते हैं। इसे पढ़ाई के नाम पर नौकरी के लिए पिछले दरवाजे से प्रवेश के तौर पर देखा गया। इस तरह वहां जाने वालों की संख्या में जब ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई तो आस्ट्रेलिया ने वार्षिक प्रवासन की संख्या घटा कर आधा कर दिया। इस वजह से दिसंबर 2022 के बाद एक वर्ष में भारतीय विद्यार्थियों को दिए जाने वाले वीजा में अड़तालीस फीसद की गिरावट देखी गई। यह एक बड़ा नीतिगत बदलाव है, जिसका नुकसान ऐसे भारतीय युवाओं के भविष्य पर भी पड़ेगा, जो आस्ट्रेलिया के किसी अच्छे शिक्षण संस्थान में दाखिला लेना चाहते हैं। निश्चित तौर पर यह निराशाजनक है, मगर इसके समांतर यह भी तथ्य है कि क्या भारत में शिक्षा का स्तर आस्ट्रेलिया या कनाडा जैसे देशों के बराबर नहीं हो सकता, ताकि हमारे विद्यार्थियों को किसी अन्य देश में जाने की नौबत ही न आए!

# दुनिया हमसे जलती क्यों है

**हमारे किसी प्रश्न या मुद्दा उछालने से पहले ही तोताराम ने अपना दुखड़ा रोना शुरू कर दिया, मास्टर, दुनिया हमसे जलती क्यों है ? हमने कहा- दुनिया का तो पता नहीं लेकिन आजकल पूरा उत्तर भारत तो जल ही रहा है । कल ही हमारे सुरेन्द्रनगर, गुजरात के एक मित्र बता रहे थे कि उनके यहाँ पारा 47 डिग्री चला गया है । अपने यहाँ सीकर में भी 46-47 ही चल रहा है । बाड़मेर में तो 50 पहुँच गया । इसी तरह छत्तीसगढ़, झारखंड में खनिजों के लिए धरती को खोदे डाल रहे देश के 'विकास-मित्र' पेड़ काटते रहे तो मोदी जी का अमृत काल पूरा होते न होते और 80 करोड़ लोगों को पाँच-पाँच किलो अनाज देने के बावजूद देश की जनसंख्या हिन्दू-मुसलमान का भेद किये बिना एक सिरे से आधी रह जाएगी ।**

(रमेश जोशी)

हमारे किसी प्रश्न या मुद्दा उछालने से पहले ही तोताराम ने अपना दुखड़ा रोना शुरू कर दिया, मास्टर, दुनिया हमसे जलती क्यों है ? हमने कहा- दुनिया का तो पता नहीं लेकिन आजकल पूरा उत्तर भारत तो जल ही रहा है । कल ही हमारे सुरेन्द्रनगर, गुजरात के एक मित्र बता रहे थे कि उनके यहाँ पारा 47 डिग्री चला गया है । अपने यहाँ सीकर में भी 46-47 ही चल रहा है । बाड़मेर में तो 50 पहुँच गया । इसी तरह छत्तीसगढ़, झारखंड में खनिजों के लिए धरती को खोदे डाल रहे देश के 'विकास-मित्र' पेड़ काटते रहे तो मोदी जी का अमृत काल पूरा होते न होते और 80 करोड़ लोगों को पाँच-पाँच किलो अनाज देने के बावजूद देश की जनसंख्या हिन्दू-मुसलमान का भेद किये बिना एक सिरे से आधी रह जाएगी ।

बोला- मास्टर, तेरा भी जवाब नहीं । मैं ग्लोबल वार्मिंग की बात नहीं कर रहा हूँ । हमने कहा- ग्लोबल वार्मिंग कहाँ है ? ग्रेटा थनबर्ग के गुस्से पर महामनीषी ट्रम्प ने क्या कहा था- कहाँ है ग्लोबल वार्मिंग ? हमारे यहाँ तो सर्दी पड़ रही है । बोला- फिर वही जान बूझकर बात को घुमाना । अरे, मैं उस जलने की बात नहीं कर रहा हूँ । मैं ईर्ष्या से जलने की बात कर रहा हूँ । दुनिया हमारी प्रगति को देखकर ईर्ष्या से जल रही है ।

हमने कहा- यह तो सच है । 10 साल के इतने छोटे से अर्से में हमने जो प्रगति की है वह दुनिया को जलाने के लिए पर्याप्त है । अमरीका, जर्मनी, फ्रांस, जापान, इंग्लैंड सबकी सम्मिलित आबादी जितने लोगों को हम फ्री में पाँच-पाँच किलो अनाज दे रहे हैं । दुनिया के प्रथम 100 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में हम कहीं नहीं हैं, हंगर इंडेक्स और प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में हम बड़ी तेजी से नीचे जा रहे हैं, हम लिंचिंग और बुलडोजर से त्वरित न्याय कर देते हैं , हम कपड़ों से आतंकवादी को पहचान लेते हैं, हर खाते में 15-15 लाख रुपए डाल रहे हैं, हर साल दो करोड़ नौकरियां दे रहे हैं ।

बोला- इन बातों को छोड़ । इन्हें नापने और मापने का कोई पैमाना नहीं है। ये सब ऐसे ही सर्वे हैं। मैं तो एक सामान्य सी बात बताना चाहता था जिसे तूने संयुक्त राष्ट्र संघ का अधिवेशन और 'सेंट्रल विष्ठा' का उद्घाटन सत्र बना दिया । हमने कहा- तो फिर बता क्या बात है ?बोला- समाचार है कि डेनमार्क दुनिया में सद्भावना राजधानी के रूप में उभरा है । डेनमार्क के 74त्न लोग मानते हैं कि अधिकांश लोगों पर



भरोसा किया जा सकता है । यह दुनिया के किसी भी देश की अपेक्षा सबसे अधिक है ।

भारत जैसे प्रेम, सद्भावना और विश्वास से भरे देश और समाज को विश्वास और सद्भावना की रैंकिंग में कहीं न रखना क्या दुनिया के भारत और उसकी प्रगति से जलने का ठोस प्रमाण नहीं है ?हमने कहा- हाँ, यह बात तो है । हम कहीं भी हिन्दू-मुसलमान, ब्राह्मण-भंगी नहीं करते, धनी-निर्धन नहीं करते । कितना प्रेम से मिलजुलकर रहते हैं । मोहर्रम, काँवड़ यात्रा, होली, राम नवमी के जुलूस आदि पर पुलिस की तैनाती इसी प्रेम भाव को ध्यान में रखकर ही तो होती है । बोला- मैं सब समझता हूँ तू कहाँ बोल रहा है ? लेकिन इतना तो तुझे मानना ही पड़ेगा कि पिछले दस वर्षों से जनता का सरकार में कितना विश्वास बढ़ा है तभी तो सभी नेता शांत भाव से रैली और भाषण कर रहे हैं, कहीं कोई उलटा-सीधा, घृणा और द्वेष वाला वक्तव्य नहीं दे रहे हैं और तभी तो सब बड़े आत्मविश्वास से कह रहे हैं- अबकी बार 400 पार ।

हमने कहा- सरकार और विपक्षी दलों के बीच ही नहीं, देश के अन्य सभी वर्गों के बीच भी कितना प्रेम और विश्वास है । तभी तो हम सरलता से किसी काढ़े को कोरोना की दवा मान लेते हैं, परीक्षण में फेल किसी दवा कंपनी की दवा की सरकारी खरीद कर लेते हैं, किसी भी लंपट बाबा के चक्कर में आ जाते हैं, रुपए-गहने दुगुने करने वाले तांत्रिक का विश्वास कर लेते हैं, विदेश भेजने या नौकरी या परीक्षा में पास करवा देने के नाम पर किसी भी उचक्के को दो-पाँच लाख रुपए थमा देते हैं ।

बोला- लेकिन हमारे यहाँ गीत में कृष्ण कहते है- विश्वासः फलदायकं । हमने कहा- तभी तो जगह जगह लिखा रहता है- किसी अनजान व्यक्ति से खाने की कोई वस्तु स्वीकार न करें उसमें नशा या बेहोश करने वाला पदार्थ मिल हो सकता है । बोला- ऐसे तो क्या पता तू ही मुझे चाय में कुछ उलट-सीधा पिला सकता है । हमने कहा- यह अमृत काल चल रहा है कुछ भी मुमकिन हो सकता है । जब चरण छूने के बहाने मानव बम विस्फोट हो सकता है और माला पहनाने के बहाने यमुना तीरे कृष्ण कन्हैया को झाँपड रसीद किया जा सकता है या लोकतंत्र की अम्मा के देखते देखते उम्मीदवारों को डरा धमकाकर नामांकन वापिस या खारिज करवाया जा सकता है या छिद्दू चमार लतियाया जा सकता है या श्याम रंगीला को हड़काया जा सकता है तो विश्वासघात के लिए सब जगह प्रबल संभावनाएं विद्यमान हैं । ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# सबका कूड़ा बीनते हुए अपनी जिंदगी जीते लोगों की सुध

(अनुराग बेहर, सीईओ, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन)

यहां दो एकड़ जमीन पर कूड़े के ढेर पसरे हैं और हर ढेर में शहर से जमा किया गया कूड़ा ठूंस-ठूंसकर भरा है। श्रमिक, जिनको हम कूड़ा बीनने वाला कहते हैं, शहर भर से कचरा जमा करते हैं और यहां लेकर आते हैं। फिर, वे इनको छांटते हैं और हर वह छोटी-से-छोटी चीज अलग करते हैं, जिसका थोड़ा सा भी मोल होता है। इनको वह ठेकेदार ले लेता है, जिनके लिए वे काम करते हैं और वह जमा की गई प्लास्टिक की बोतलें, धातु और बाकी चीजें रीसाइक्लिंग, यानी फिर से इस्तेमाल के लायक बनाने के लिए बेच देता है। शेष कचरा यहां महीनों-वर्षों तक पड़ा रहता है और बढ़ता रहता है।

ये मजदूर यहीं कूड़े के बीच झोपड़ी बनाकर रहते हैं। इस 'डंपिंग साइट' पर 12 ठेकेदार हैं और सबके मजदूर अपने ठेकेदार के तय स्थान पर ही रहते हैं। ये अकेले नहीं, अपने पूरे परिवार के साथ यहां हैं। सुदूर इलाकों से या उन क्षेत्रों से इन्हें लाया गया है, जहां से ठेकेदार खुद आते हैं। यहां पर रहने वाले लोगों की संख्या करीब 500 है और वे कोई किराया नहीं देते, बल्कि इसके एवज में उन्हें अपने ठेकेदारों के लिए काम करना पड़ता है। कई श्रमिकों का तो पूरा परिवार इसी काम में जुटा है, उनके बच्चे भी। स्थिति अच्छी रही, तो पांच लोगों का परिवार 10 हजार और बुरे हालात में चार हजार तक कमा सकता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि वे कितने इलाकों में कूड़ा बीन पाते हैं। ज्यादातर एक दिन में 30-40 किलोमीटर घूमते हैं। बीमार होने या किसी अन्य वजह से यदि वे ऐसा नहीं कर पाते, तो उस दिन की उनकी कमाई मारी जाती है। मौसम भी कभी-कभार रुकावट बन जाता है। हालांकि, हल्की-फुल्की बारिश, तेज धूप या ठंड उनको रोक नहीं पाती, हां, उनके कदम जरूर धीमे कर देती है। तेज बारिश नुकसानदेह होती है, क्योंकि पानी में कचरा छांटना काफी कठिन होता है।



दिन-ब-दिन और साल-दर-साल शहर की खाक छानने की इस यात्रा में जो लोग कचरा जुटाने के लिए रिक्शा आदि जुगाड़ करने में सक्षम रहे हैं, उनकी स्थिति अलग है। वे ज्यादा इलाकों से कचरा इकट्ठा कर पाते हैं और कूड़े की उनकी मात्रा भी अधिक होती है। मगर वे भी इस काम के आसन्न खतरे से बच नहीं पाते। चूंकि इन लोगों को अपने हाथ कूड़ेदानों में डालने पड़ते हैं, जिनमें कांच के टुकड़े, केमिकल, सड़ने वाले कार्बनिक पदार्थ और इससे भी बदतर चीजें हो सकती हैं, इसलिए हाथों में गहरे घाव, संक्रमण और चर्मरोग इनके लिए पुरस्कार सरीखे बन जाते हैं। जिस डंपिंग साइट की मैंने यहां चर्चा की है, वहां पानी की व्यवस्था भी नहीं है। पीने और साफ-सफाई के लिए टैंक से पानी मंगवाना होता है, जिस पर इनको अपनी आमदनी का तकरीबन 10-20 फीसदी हिस्सा खर्च करना पड़ता है। बड़ी मशक्कत के बाद यहां कोई एनजीओ सुलभ शौचालय बनाने में सफल हो सका है। सुदूर इलाकों से आने के कारण इन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है। एकाध के पास ही सरकारी योजनाएं पहुंच रही हैं। यहां के बच्चों को स्कूलों में दाखिला मिलना मुश्किल है, क्योंकि वे स्कूलों के लिए शायद 'गंदे छात्र' होते हैं। इस दो एकड़ जमीन पर छाया के नाम पर सिर्फ एक पेड़ है।

यह आशा से परे है कि ये फिलहाल इन ढेरों से बाहर निकल सकेंगे। हमारी सामाजिक संरचना शायद ही बदल सकती है। हां, हम यदि नैतिक साहस दिखाएं और निरंतर सामूहिक व राजनीतिक प्रयास करें, तो बात बन सकती है, लेकिन फिलहाल ऐसा करने में हम असमर्थ हैं। लिहाजा, हम अभी वैसे ही रहेंगे, जैसे हम जी रहे हैं और वे भी वैसे ही जीएंगे, जैसे हम उनको जीने देंगे। वैसे, हम चाहें, तो कुछ छोटे बदलाव कर सकते हैं। मसलन, उनको 'कचरा बीनने वाला' कहना बंद कीजिए, क्योंकि वे हमें स्वच्छ रखते हैं। राज्य और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। हमे अपने स्कूलों में उनके बच्चों को बर्दाश्त करना भी सीखना होगा या उनकी साफ-सफाई की मुकम्मल व्यवस्था करनी होगी। और अंत में, हमें घर का कचरा फेंकते वक्त शीशा, कांच या नुकीली चीजों को लेकर सावधान रहना चाहिए, ताकि इनके बच्चों को नुकसान न पहुंचे। इनके लिए हम कम से कम इतना तो कर ही सकते हैं। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5384

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | |
| 6 | | | 7 | | | 8 | 9 |
| 10 | | 11 | | | 12 | | |
| | | | | | 13 | | |
| | 14 | | 15 | 16 | | | |
| 17 | | 18 | | 19 | | 20 | 21 |
| | | | | | | 22 | |
| 23 | | | | | | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जिनका जन्म दिवस 7 जुलाई 1981 है, जिन्हें माही के नाम से जाना जाता है (7)
6. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
7. विस्तार, काल, संबंध आदि के विचार से बहुत अंतर पर (2)
8. लालच, लोलुपता, लिप्सा (2)
10. नाना का घर, ननिहाल (4)
12. एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने की दूरवर्ती क्रिया, प्रयाण, यात्रा (3)
13. भवसागर से पार होना, सद्गति प्राप्त करवाना (3)
15. शंका करने वाला, आशंकाशील, संदेहशील (3)
17. पुराणानुसार पाताल सात है, जिनमें यह दूसरा है, अगाध्य (3)
19. विवश, लाचार, बेबस (4)
22. तुरंत, जल्दी से, शीघ्रता, फुर्ती से (2)
23. निर्देशक मनमोहन देसाई की धर्मेंद्र, जीनत अमान और जीतेंन्द्र आदि की 1977 की एक फिल्म (5)
24. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)

**ऊपर से नीचे(2)**

1. उत्तमतमता, गौरव, सदाशयता (4)
2. लगभग 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी ये नृत्यांगना अभिनेत्री (3)
3. ईंगुर, शिंगफ, श्रृंगारक (3)
4. विभाजक संख्या, अधिकारभागी (2)
5. कुमुद, नीलोत्पल, नीलकमल (4)
9. रिक्त स्थान की पूर्ति करना, क्षतिपूर्ति करना (3)
11. पार्श्वचर, पुरूष मित्र (2)
12. पंजाब की पांच नदियों में से एक जिसका पौराणिक नाम शतद्रु है (4)
14. पुत्र, बेटा (2)
16. काम से जी चुराने वाला, कमकस (4)
17. अथाह, बहुत गहरा, असमी (3)
18. रास, बागडोर, मुखरी, कुशा (3)
20. बुझौवल करना, बोध कराना (3)
21. याद करने के लिए बारंबार दोहराना (3)

### वर्ग पहेली 5383 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लं | द | न | | | दु | ब | ई |
| ब | ल | वा | न | | | ला | ख |
| त | | ब | वा | सी | र | | |
| ड | | | ग | र | म | ह | वा |
| ग | या | | त | | क | ल | म |
| | या | म | | म | ना | | न |
| बा | व | न | ग | जा | | दा | |
| द | र | | ति | क | ड़ | मी | |

# शिखर पर चढ़कर कैसा महसूस होता है

(मृत्युंजय कुमार राय)

वो देखो, हिमालय की रेंज। कहां? वो जो पहाड़ की चोटी पर बर्फ दिख रही है, अंगुली के इशारे से सिक्किम यात्रा के दौरान ड्राइवर के साथ गाइड की भूमिका निभा रहे सुनील राई ने मुझे दिखाया था। पहला तजुर्बा था हिमालय को देखने का, भले ही दूर से ही सही। हिमालय का यह भौतिक अनुभव था, जिसका अपना एक आध्यात्मिक संसार भी है। जिसने ना जाने कितने लोगों को इस आस में अपने यहां बुलाया है कि वहां जाकर वे खुद को समझ लेंगे।

मगर खुद को समझने के लिए और अपनी इच्छाओं पर विजय पाते हुए मंजिल तक पहुंचना हिमालय को सिर्फ आध्यात्मिक जगत से ही नहीं जोड़ता। भौतिक दुनिया में ऐसा ही सबक पर्वतारोहियों को भी हिमालय देता है। तभी तो एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नॉरगे के 1953 में माउंट एवरेस्ट पर कदम रखने को इतनी बड़ी उपलब्धि माना गया। उससे पहले 145 पर्वतारोही इस काम में नाकाम हो चुके थे। 1924 में तो ब्रिटिश पर्वतारोहियों की एक टीम एवरेस्ट से सिर्फ 250 मीटर दूर रह गई थी, लेकिन दो सदस्यों के लापता होने के कारण उन्हें शिखर पर कदम रखे बगैर लौटना पड़ा। मगर वक्त के साथ हिमालय पर जीत पाना आसान होता गया है।

1994 से 2003 के बीच जितने लोग एवरेस्ट को जीतने पहुंचे, उनमें से 24 प्रतिशत को कामयाबी मिली। यह पिछले दशक के मुकाबले कामयाबी की दोगुनी दर है। 2004 से 2013 के बीच तो कामयाबी की दर 51त्न हो गई। इसके बाद इसमें और बढ़ोतरी हुई है। यह कमाल है तकनीक का। जिस तरह से दुनिया के बाकी काम तकनीक ने आसान किए हैं, वैसे ही पर्वतारोहियों का जीवन भी इससे आसान हुआ है। ऑक्सिजन टैंक की क्षमता पहले से दोगुनी हो चुकी है। सूट और ग्लव्स हाई क्वॉलिटी के होते हैं और डबल इंसुलेटेड बूट्स पर्वतारोहियों के पांव गर्म रखते हैं। मौसम की सटीक भविष्यवाणी से भी पर्वतों की मुश्किल चढ़ाई आसान हुई है। हिमालय के मामले में शेरपाओं के योगदान को भी याद रखना होगा। उनकी मदद के बगैर पर्वतारोहियों की इस कदर कामयाबी की उम्मीद नहीं की जा सकती थी।

इन सबके बावजूद पर्वतारोहण एक मुश्किल चीज है। मुश्किल इस कदर कि इसे पुरुषों का शगल बताया जाता रहा है। टाईम आन रॉक इस भ्रम को दूर करने की पहल करती है। इस किताब को लिखा है एना फ्लोमिंग ने। एक तरह से किताब उनकी पर्वतारोहण के जीवन से रीडर्स को रूबरू कराती है। किस तरह से पहले पहल जब उन्होंने पहाड़ों पर चढ़ने का प्रयास शुरू किया तो उन पर क्या गुजरती थी। अंदर क्या चलता था। और किस तरह 30 की उम्र पार करते-करते वह चैंपियन पर्वतारोही बन गई। कैसे यह स्पोर्ट किसी इंसान को पर्वतों के मोहपाश में बांध देता है, यह जानकारी भी एना फ्लेमिंग के जरिये रीडर्स तक पहुंचती है। पर्वतारोहण में जो डर और रोमांच महसूस होता है, उसे भी उन्होंने अपने अनुभवों के जरिए साझा किया है। वह बताती हैं कि कैसे यह उनके लिए एक शौक के रूप में शुरू हुआ और फिर उनकी जिंदगी के केंद्र में आ गया।

एना फ्लेमिंग की किताब यह तो बताती ही है कि पुरुषों के दबदबे वाले पर्वतारोहण में एक महिला पर्वतारोही होने का क्या मतलब है, साथ ही वह अलग-अलग चट्टानों की खूबियों से भी रीडर्स को वाकिफ कराती हैं। वह लिखती हैं कि दूर से देखने पर जो चट्टान एक जैसे लगते हैं, पास जाकर पता चलता है कि वे एक दूसरे से कितने अलग हैं। और कैसे ये चट्टान ही पर्वतारोही को मंजिल तक पहुंचाने का जरिया बनते हैं। एना फ्लेमिंग यह भी बताती हैं कि किसी पर्वत से शिखर तक पहुंचना एक क्षण की खुशी का सबब नहीं होता। मंजिल तक पहुंचने से पहले आप जिस प्रॉसेस से गुजरते हैं, वह एक अनूठा अहसास दिलाता है। एना फ्लेमिंग जैसे लोगों के लिए यहां भौतिक जगत आध्यात्मिक संसार से मिलता है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन परेशानी और चिंता से भरा होगा। आपकी आमदनी अच?छी होगी और दिन प्रसन?नता में बीतेगा। आय के स्रोत मजबूत करने में जुटे हुए थे। आप आत्मनिर्भर हो जाने के बाद सबसे जरूरी है कि शादी ब्याह या नौकरी अडमिशन के उन मामलों को देखें जिसे घर के छोटे सदस्यों की जरूरत है।

### वृषभ

आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आज आप सेहत को लेकर काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है और इसमें आपका खर्च भी काफी जबर्दस?त होगा। आपको आज किसी की आर्थिक मदद भी करनी पड़ सकती है और ऐसा करने से आपके मन को शांति और सुकूल मिलेगा।

### मिथुन

आज करियर से जुड़ी अच?छी खबर सुनने को मिल सकती है और आपका पूरा दिन प्रसन?नता में बीतेगा। अनाप शनाप खर्च करने से आपकी देनदारी बढ़ सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें और अपने को दाता साबित करने के लिए उधार न दें।

### कर्क

परेशानी और चिंता में बीतेगा। आज यदि आप अपने काम को लेकर परेशान चल रहे हैं तो समस?या और बढ़ सकती है और आपका काम प्रभावित हो सकता है। कामकाज या कारोबार को लेकर चिन्तित हैं तो इस वक्त आपको जो मौका मिल रहा है उसे नहीं गवाएं।

### सिंह

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज भाग?य आपका साथ देगा। आज किसी मुकमदे में भी आपकी जीत हो सकती है। अपने सभी जरूरी और महत्वपूर्ण कागज पत्रों को संभालकर रखें। दोपहर बाद कुछ ज्यादा ही मेहनत करनी पड़ सकती है।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। आज आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। आज आपको वाद विवाद और बहस से दूर रहने की जरूरत है। इस प्रकार के नेतृत्व का श्रेय किसी और से आपको मिल सकता है।

### तुला

आज का दिन काफी खर्चीला रहेगा। किसी मामले में आपकी ऑफिस के लोगों से बहस हो सकती है। आपको कुछ हद तक लोगों की भी चिंता करनी पड़ेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बनाने के लिए भी इस प्रकार खर्च करने जरूरी है। आज धन में वृद्धि के योग हैं और आपको करियर के मामले में लाभ होगा।

### वृश्चिक

आज किस?मत आपका साथ देगी। आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी और आपको कारोबार में नए आइडिया आएंगे। लोग आपकी आलोचना करेंगे, लेकिन इससे आपको कोई असर नहीं होगा। बेहतर होगा आप कम बोलें और कामकाज के सिस्टम को अपनी नज़र में रखें।

### धनु

आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज आपको किसी मामले में परेशानी हो सकती है। आज भी किसी महत्वपूर्ण जगह पर आपका बीच में कूद पड़ना सफल हो जाए। अपने खर्च के लिए स्व अर्जित धन का ही इस्तेमाल करें। कार्यक्षेत्र में बदलाव के संकेत हैं और आपको इससे लाभ होगा। कोई भी काम सोचसमझकर करें।

### मकर

आज का दिन सम्मान से भरा होगा और आज आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं। दूसरी तरफ लाभ के नए योग आपके लिए बन रहे हैं। किसी प्रकार की एजेन्सी या वितरण केन्द्र का काम आपको मिल सकता है। आपके लिए अपनी सहमति देना फायदेमंद रहेगा।

### कुंभ

आज अधिक काम करना पड़ सकता है। आज आपको दिन भर भागदौड़ करनी पड़ेगी। किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा और आपको एक से अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपकी छवि भी एक काम के आदमी की तरह है। आज भी आप ऐसे प्रस्ताव के लिए तैयार रहे हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता से भरा होगा। कार्यक्षेत्र की स्थिति शांत रहेगी और आप अपने काम को ईमानदारी से मन लगाकर पूरा करते रहेंगे। अपने आपको प्रभावशाली बनाये रखने में कुछ विचार करना होगा या फिर वस्त्रों और अन्य जरूरी चीजों पर खर्च करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### होटल ने चेताया तो हरकत में आई कर्नाटक सरकार, चुकाएगी प्रधानमंत्री मोदी का बिल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने हाल ही में एक घोषणा में खुलासा किया



कि राज्य सरकार पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मैसूर यात्रा के दौरान किए गए आतिथ्य खर्चों के भुगतान की जिम्मेदारी लेगी। यह दौरा प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में था और इसका बिल आश्चर्यजनक रूप से 80 रुपये लाख था। मंत्री के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार राज्य सरकार की परंपरा है कि जब प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जैसे गणमान्य व्यक्ति आते हैं तो उनकी मेजबानी की जाती है। हालांकि पिछले साल अप्रैल में कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से राज्य सरकार प्रोजेक्ट टाइगर कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई थी। खंड्रे ने मीडिया को संबोधित करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि मोदी की यात्रा चुनाव के समय के साथ हुई थी। इस प्रकार यह पूरी तरह से केंद्र सरकार की पहल बन गई। प्रारंभ में बजट तीन करोड़ रुपये था, वास्तविक व्यय बढ़कर 6.33 करोड़ रुपये हो गया। नतीजतन शेष 3.3 करोड़ रुपये जिसे राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा दिए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा राज्य वन विभाग प्राधिकरण के पास पहुंचा जिसने निर्देश दिया कि 80 लाख रुपये के होटल बिल की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जानी चाहिए। खंड्रे ने कहा हमने किसी भी संभावित मुद्दे का समाधान करते हुए इस अनुरोध का सम्मान करने का फैसला किया है। खंड्रे ने बकाया राशि वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई करने के होटल के इरादे का संकेत देने वाली रिपोर्टों के जवाब में शनिवार को एक सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने का आश्वासन दिया था। खास बात है कि पीएम मोदी बीते साल अप्रैल में मैसूर में होटल रेडिसन में ठहरे थे। कहा जा रहा है कि होटल ने 1 जून तक बकाया भुगतान नहीं होने पर कनूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। होटल ने बकाया राशि के साथ भुगतान में देरी के चलते सरकार से 12 लाख 9 हजार रुपये का ब्याज भी चुकाने की मांग की है।

### लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में कांग्रेस को अपने मुद्दों से उम्मीद, खुद जुड़ेंगे मतदाता

**वाराणसी, एजेंसी।** सातवें और अंतिम चरण में यूपी की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव मैदान में उतरी कांग्रेस को अपने मुद्दों और सहयोगी दल सपा की संगठनात्मक ताकत से खास उम्मीद है। कांग्रेस के चारों प्रत्याशी सपा के साथ बेहतर तालमेल पर जोर देने के साथ ही उसके मुखिया अखिलेश यादव की जनसभा अपने-अपने क्षेत्र में कराने की मांग कर रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले पार्टी के दोनों स्टार प्रचारकों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी में से किसी एक का समय भी मांग रहे हैं। कांग्रेस अंतिम चरण में वाराणसी के अलावा देवरिया, महराजगंज व बांसगांव सुरक्षित लोकसभा सीट पर लड़ रही है। वाराणसी में प्रियंका गांधी के साथ सपा की स्टार प्रचारक डिंपल यादव का रोड शो हो चुका है, जबकि गोरखपुर में अखिलेश यादव के साथ प्रियंका गांधी की जनसभा हो चुकी है। बांसगांव लोकसभा सीट गोरखपुर जिले में ही आती है। मंगलवार को वाराणसी में राहुल गांधी व अखिलेश यादव की परिवर्तन संकल्प सभा प्रस्तावित है। पार्टी का मानना है कि इन दोनों कार्यक्रमों से बूथ स्तर तक दोनों दलों का समन्वय बेहतर हुआ है। चुनाव प्रचार में लगे कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थक यह महसूस कर रहे हैं कि उनके पास भाजपा या सपा के जैसा संगठन नहीं है। ऐसे में वे यह माहौल बनाने में लगे हैं कि उनका चुनाव जनता खुद लड़ रही है। वे न्याय पत्र में शामिल मुद्दों पर खास जोर देते हैं। कांग्रेस के चुनाव प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि पार्टी को अपनी कमजोरियों का अंदाजा है, इसलिए उसने अपने मुद्दों को सीधे मतदाताओं से जोड़ा है। मतदाता खुद ही इंडिया गठबंधन को वोट देने में अपना लाभ देख रहा है। वह आरक्षण बचाने, अपने लिए नौकरियों का ज्यादा अवसर हासिल करने और खाद्य सुरक्षा कानून के तहत दूना खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए वोट करेगा।

### आज से 71 दिन जयपुर नहीं जाएगी मंडोर सुपरफास्ट और रानीखेत एक्सप्रेस, जानिए क्या है वजह

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के जयपुर रेलवे स्टेशन पर री-डवलपमेंट कार्य प्रगति पर होने के कारण मंडोर सुपरफास्ट और रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेनें बुधवार से 71 दिनों तक बदले मार्ग से चलेंगी। दोनों ट्रेनें इस अवधि में जयपुर नहीं जाएंगी। जोधपुर मंडल के डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 22996/95 जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर मंडोर सुपरफास्ट 29 मई से 7 अगस्त तक निर्धारित मार्ग वाया फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी की जगह फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी मार्ग से चलाई जाएगी। ट्रेन परिवर्तित मार्ग में फुलेरा-रींगस-श्रीमाधोपुर-नीमकाथाना-नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के तहत 12 मई से 7 अगस्त तक कुल 88 दिन की अवधि में प्लेटफॉर्म संख्या 4 और 5 पर एयर कोनकोर्स के फाउंडेशन का कार्य करवाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस अवधि में जोधपुर से जयपुर स्टेशनों के बीच चलने वाली अन्य ट्रेनें यात्रियों के आवागमन के लिए नियमित रूप से उपलब्ध रहेगी इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15014/13 काठगोदाम-जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस का संचालन भी आवागमन में 28 मई से 7 अगस्त तक प्रभावित रहेगा।


# बिहार में अंतिम चरण की सीटों पर इंडिया ने झोंकी ताकत; राहुल, खरगे और तेजस्वी ने लगाया जोर

**पटना, एजेंसी।** इंडिया गठबंधन ने बिहार में चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार को गठबंधन के वरीय नेताओं ने साझा तौर पर ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं की। इसके पहले इंडिया गठबंधन से जुड़े नेताओं की अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में ही अधिकतर सभाएं हुई थीं। आगे और साझा सभाएं आयोजित करने की तैयारी है। सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तीन चुनावी सभाएं कीं। माहभर बाद बिहार आए कांग्रेस नेता ने पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के अंशुल अविजीत, पाटलिपुत्र से राजद की डॉ. मीसा भारती और आरा लोकसभा क्षेत्र से भाकपा माले के प्रत्याशी सुदामा प्रसाद के पक्ष में लोगों से वोट मांगे। तीनों चुनावी सभा में इंडिया गठबंधन से जुड़े सभी वरीय नेताओं की उपस्थिति रही।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी की सभा इसके पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 26 मई को सासाराम और पटना साहिब में जनसभा को संबोधित किया था। रविवार को पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के लिए श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में हुई चुनावी सभा को राजद सहित इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं ने संबोधित किया।

राजद-माले के तीन-तीन, कांग्रेस के दो उम्मीदवारअंतिम चरण में आठ सीटों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और





जहानाबाद में एक जून को मतदान होना है। इसमें से नालंदा, आरा और काराकाट लोकसभा सीट पर भाकपा माले के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जबकि पाटलिपुत्र, बक्सर और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र राजद के कोटे में है। सासाराम और पटना साहिब सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

इंडिया गठबंधन को काफी उम्मीदें अंतिम चरण की सीटों को लेकर इंडिया गठबंधन के नेता खासे उत्साहित हैं। यही कारण है कि गठबंधन के तमाम वरीय नेता इन सीटों पर साझा चुनाव प्रचार कर रहे हैं। दूसरे चरण के चुनाव के लिए 20 अप्रैल को राहुल गांधी की सभा हुई थी। इसमें राजद नेता तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। भागलपुर से कांग्रेस प्रत्याशी अजित शर्मा के लिए राहुल ने वोट मांगा था। इसके एक दिन पहले 19 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा किशनगंज और कटिहार में हुई थी।

तब इंडिया गठबंधन के साथी दलों के बड़े नेताओं की उपस्थिति मंच पर नहीं दिखी थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बिहार में दूसरी चुनावी सभा 12 मई को समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशी के पक्ष में हुई थी। हालांकि प्रथम चरण से लेकर अब तक एनडीए की तुलना में इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं की संयुक्त सभा बहुत कम ही हुई है।

## महाराष्ट्र के स्कूल सिलेबस पर बवाल, सरकार बोली- नहीं पढ़ाएंगे मनुस्मृति की पंक्तियां

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में स्कूल सिलेबस को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस बीच महाराष्ट्र सरकार की तरफ से सफाई आई है कि वह महाराष्ट्र राज्य पाठ्यक्रम ढांचे की तरफ से दी गई सारी सिफारिशों को नहीं मानेगी। राज्य के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि ड्राफ्ट को सरकार की मंजूरी के बिना ही सार्वजनिक करके बड़ी गलती की गई है। इसी वजह से भ्रम की स्थित बनी हुई है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक केसरकर ने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उचित प्रक्रिया के बिना ही ड्राफ्ट को सार्वजनिक कर दिया गया। केसरकर ने मराठी को अनिवार्य भाषा से बाहर करने पर भी खेद जताया। उनके बयान के बाद एससीईआरटी ने बयान जारी किया और कहा कि कक्षा 1 से 10 तक मराठी और अंग्रेजी भाषा, दोनों ही अनिवार्य होंगी। कक्षा 6 से संस्कृत समेत भारतीय और विदेशी भाषाओं का विकल्प मौजूद रहेगा। इसके अलावा 11वीं और 12वीं में दो भाषाएं सीखना जरूरी होगा जिसमें से एक भारतीय और दूसरी विदेशी होनी चाहिए। मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केसरकर ने कहा कि 11 और 12 में अंग्रेजी को अनिवार्य भाषा से बाहर इसलिए रखा गया है।

## पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी वर्दी में नहीं शेयर कर पाएंगे

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पुलिस के अधिकारी और पुलिसकर्मी वर्दी में सोशल मीडिया पर रील्स, स्टोरी, वीडियो और फोटो अपलोड नहीं कर पाएंगे। प्रदेश पुलिस प्रशासन ने ऐसा करने पर पाबंदी लगा दी है। इसे लेकर डीजीपी अतुल वर्मा ने सोमवार को आदेश जारी किए हैं। आदेश के मुताबिक पुलिस अधिकारी और जवान अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वर्दी में गैर-पुलिसिंग मुद्दों पर वीडियो, रील या स्टोरी अपलोड नहीं कर पाएंगे। इन आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस सम्बंध में प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

आदेश में कहा गया है कि कुछ पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वर्दी में ऐसी तस्वीरें, वीडियो, रील्स या स्टोरी पोस्ट कर रहे हैं जो पुलिस की ड्यूटी से संबंधित नहीं हैं। यह आचरण पुलिस विभाग के नियमों और मानदंडों के विरुद्ध है और जो सामग्री आधिकारिक पुलिस कार्य से जुड़ी नहीं है, वह विभाग की प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। डीजीपी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक पुलिस की वर्दी जनता के प्रति प्रतिबद्धता, समर्पण और जवाबदेही का प्रतीक है। ऐसे में यह जरूरी है कि किसी भी सार्वजनिक या डिजिटल मंच पर इसका उपयोग इन मूल्यों को प्रतिबिंबित करे। वह सामग्री जो आधिकारिक पुलिस कार्य से जुड़ी नहीं है, विभाग की प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। आदेश में आगे कहा गया है कि चूंकि सोशल मीडिया सार्वजनिक धारणा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और अनुचित सामग्री कानून प्रवर्तन एजेंसियों में जनता के विश्वास को कम कर सकती है, लिहाजा विभाग की गरिमा और छवि को बनाए रखना अहम है। ऐसे में सभी जिला पुलिस अधीक्षकों, कमांडेंटों, यूनिट प्रभारियों और पर्यवेक्षी अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने आदेश और नियंत्रण के तहत सभी पुलिस कर्मियों को वर्दी में फोटो, वीडियो, रील या कहानियां पोस्ट करनेसे सख्ती से परहेज करने के लिए संवेदनशील बनाएं।

## छत्तीसगढ़ में बजरंग दल के नेता और युवती की हत्या:जंगल में संदिग्ध हालत में मिला शव

**बलरामपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में बजरंग दल के जिला सह संयोजक और एक युवती की संदिग्ध हालत में लाश मिली है। दोनों शव आस-पास जंगल में पड़े हुए थे। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। वहीं दूसरी ओर घटना के विरोध में व्यापारियों ने शहर बंद कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि युवक-युवती की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते हुई है। यह पूरा मामला बलरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरखी जंगल का है। जानकरी के अनुसार सोमवार की सुबह बजरंग दल के सह संयोजक सुजीत सोनी जिसकी उम्र 25 वर्ष और किरण काशी उम्र 20 वर्ष नाम की युवती का शव डुमरखी ढाबे से करीब 100 मीटर दूर जंगल में संदिग्ध हालत में मिला है। दोनों की हत्या कर बलरामपुर-अंबिकापुर मुख्यमार्ग 343 किनारे शवों को फेंक दिया गया। दोनों के गले और हाथ में निशान मिले हैं। बताया जा रहा है कि हत्या करने के बाद युवक-युवकी की लाश की जलने की कोशिश की गई है। फ़िलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। लेकिन पुलिस ने आशंका जताई है की दोनों की हत्या प्रेम प्रसंग की वजह से हुई है। बजरंग दल के सह संयोजक सुजीत सोनी व्यवसायी परिवार से है और युवती कॉलेज की छात्रा है।

# लोकसभा चुनाव:वोटिंग में आगे महिलाएं पर उम्मीदवारी पाने में पीछे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वोट देने में इस बार कई सीटों पर महिलाएं आगे रहीं। पर खुद चुनाव लड़ने के मामले में उनकी तादाद घट गई है। महिला प्रत्याशियों की तादाद इस बार केवल 79 ही है जबकि दस साल पहले 2014 में यह संख्या 104 थी। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि यूपी में महिला सांसदों की मौजूदा 12 की संख्या घटती है या बढ़ती है। पर खास बात यह है कि सभी प्रत्याशियों में सबसे अमीर प्रत्याशी महिला ही है। इस बार बुंदेलखंड, अवध व पूर्वांचल की कुछ सीटों पर पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया। इनमें बांदा, अमेठी, रायबरेली फतेहपुर, गोंडा, कैसरगंज, कौशांबी प्रमुख हैं। माना जा रहा है कि सातवें चरण में भी कुछ सीटों पर महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक हो सकता है। आखिरी चरण में कई दिग्गज महिला प्रत्याशी मैदान में पूर्वांचल की 13 सीटों पर होने वाले चुनाव में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल अपना दल सोनेलाल के जरिए मिर्जापुर से चुनाव लड़ रही हैं। उन्हीं की पार्टी की रिंकी कोल भी राबर्टसगंज से चुनाव लड़ रही हैं जबकि काजल निषाद सपा के जरिए गोरखपुर से चुनाव लड़ रही हैं। बाकी सात प्रत्याशी निर्दलीय व अन्य छोटे दलों से हैं। करोड़पतियों में महिलाएं भी कम नहीं हेमा मालिनी सभी उम्मीदवारों में सर्वाधिक संपत्ति वाली उम्मीदवार हैं लेकिन सहारनपुर से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली तस्मीन बानों की संपत्ति 78 करोड़ है। सहारनपुर से



निर्दलीय तस्मीन बानों की संपत्ति 78 करोड़ है। मुरादाबाद से चुनाव लड़ी सपा की रुचिवीरा ने अपनी संपत्ति 28 करोड़ बताई है। मुजफ्फरनगर से चुनाव लड़ी राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी की कविता ने अपनी संपत्ति 28 करोड़ बताई है। गाजियाबाद से निर्दलीय चुनाव लड़ीं कविता की संपत्ति 20 करोड़, मेरठ से सपा से चुनाव लड़ी सुनीता वर्मा की संपत्ति 9 करोड़ व कांग्रेस की गाजियाबाद से लड़ी डाली शर्मा की संपत्ति दो करोड़ रुपये है। उन्नाव से सपा की ने अपनी संपत्ति 79 करोड़, हरदोई से सपा की ऊषा वर्मा ने अपनी संपत्ति छह करोड़ , मिश्रिख से सपा की संगीता राजवंशी ने अपनी संपत्ति चार करोड़ बताई है। इसके अलावा शाहजहांपुर से निर्दलीय मीना कश्यप व कन्नौज की ललित कुमारी की संपत्ति एक करोड़ रुपये बताई है। अमेठी से भाजपा की स्मृति ने अपनी संपत्ति 17 करोड़, कैसरगंज से निर्दलीय अरुणिमा पांडेय की संपत्ति 4 करोड़, सपा की श्रेया वर्मा की संपत्ति दो करोड़, फतेहपुर से भाजपा की निरंजन ज्योति की संपत्ति दो करोड़ है। मेनका गांधी, नीलम सोनकर संपत्ति क्रमशः97 करोड़ व 9 करोड़ रुपये है। गाजीपुर से निर्दलीय नुसरत अली, मिर्जापुर से अपना दल की अनुप्रिया पटेल व रिंकी कोल की संपत्ति क्रमशः6 करोड़, 4 करोड़ व एक करोड़ रुपये है।

## पोर्श कांड के रईसजादे को बचाने के लिए अजित पवार ने किया था फोन! 2 विधायक भी घेरे में

**पुणे, एजेंसी।** पुणे के बिल्डर के नाबालिग बेटे ने पिछले दिनों आधी रात को तेज रफ्तार पोर्श कार से दो इंजीनियरों को कुचल दिया था। इस मामले में पुलिस प्रशासन से लेकर उन डॉक्टरों तक पर सवाल उठ रहे हैं, जिन्होंने मेडिकल किया था। यही नहीं दो डॉक्टरों को नाबालिग का ब्लड सैंपल डस्टबिन में फेंकने के आरोप में गिरफ्तार तक किया गया है। यही नहीं इस मामले में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार और उनके दो नेताओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। इन लोगों पर आरोप है कि बिल्डर के बेटे को बचाने के लिए इन लोगों ने पुलिस कार्रवाई में दखल दिया था। आरोप है कि बिल्डर के बेटे ने शराब पी रखी थी और नशे के चलते ही यह भीषण हादसा हुआ। कहा जा रहा है कि 19 मई की रात को हुए इस हादसे के बाद अजित पवार ने पुणे के पुलिस कमिश्नर को कॉल किया था और कारोबारी विशाल अग्रवाल के बेटे पर नरमी बरतने को कहा था। इस हादसे में मध्य प्रदेश के दोनों इंजीनियरों की मौके पर ही मौत हो गई थी। इन आरोपों के बाद अजित पवार ने यह नहीं कहा है कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर को कॉल नहीं किया था। हालांकि उनका



कहना है कि मैंने कारोबारी के बेटे के पक्ष में फोन नहीं किया था। मेरा कमिश्नर से यह कहना था कि अमीर शख्स का बेटा है, इसलिए उसके प्रभाव में नहीं आना। अजित पवार बोले- मैंने तो पुलिस से दबाव में न आने को कहा था अजित पवार ने कहा, यदि ऐसी कोई घटना होती है और आप जिले के प्रभारी मंत्री हैं तो फिर पुलिस कमिश्नर को फोन करना बनता है। इसलिए मैंने उनसे कहा कि आप अमीर शख्स का बेटा है, इस दबाव में आए बिना कार्रवाई करना। कई बार पुलिस पर अलग-अलग तरह के दबाव की संभावना होती है। इस मामले में अजित पवार गुट के विधायक सुनील तिंगरे भी निशाने पर हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यरवदा पुलिस थाने में वह रात को 3 बजे ही पहुंच गए थे। कहा जा रहा है कि वह इसलिए गए थे ताकि नाबालिग को छुड़ाया जा सके। सुनील तिंगरे ने स्वीकार किया है कि वह रात को पुलिस थाने गए थे। लेकिन उन्होंने पुलिस से यही कहा कि वह बिना किसी दबाव के ऐक्शन ले।

## ज्यादा गरमी ले सकती है जान! डॉक्टरों ने बताया ब्रेन स्ट्रोक का खतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते कई दिनों से अधिकांश भारत भीषण गरमी और लू की चपेट में हैं। राजस्थान में कई जगहों पर पारा 50 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं राजधानी दिल्ली समेत यूपी-बिहार के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री को पार कर गया है। ऐसे में डॉक्टरों का भी कहना है कि लू लगने से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। ऐसे में धूप और गरमी में बाहर जाने से बचना चाहिए और पानी पीते रहना जरूरी है। एक रिपोर्ट में एक्सपर्ट के हवाले से बताया गया कि ज्यादा गरमी और पानी की कमी होने से खून गाढ़ा हो जाता है। इसकी वजह से रक्त का संचार ठीक से नहीं हो पाता और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि राजधानी दिल्ली के पीएसआरआई अस्पताल में बीते सप्ताह इस तरह के तीन मामले आए थे। उन्होंने कहा कि ज्यादा गरमी की वजह से जान जाने का भी खतरा है। क्या हैं हीट स्ट्रोक के लक्षण एक्सपर्ट ने बताया कि हीट स्ट्रोक में हाथ ढीले हो जाता हैं। जबान लड़खड़ाने लगती है। इसके अलावा पानी की कमी होने की वजह से मुंह सूखने लगता है। मरीज को पेशाब कम या फिर नहीं होती है। डॉक्टर ने बताया कि तीन में से दो मरीजों को डिसचार्ज कर दिया गया है वहीं एक अभी ऐडमिट है। डॉक्टर ने बताया कि शरीर का तापमान जब 104 डिग्री फॉरेनहाइट से ज्यादा हो जाता है तब हीटस्ट्रोक का खतरा रहता है। ऐसे में नर्वस सिस्टम भी शिथिल हो जाता है। डॉक्टर ने बताया कि हीटस्ट्रोक के बाद



मरीज खाने पीने में असमर्थ हो जाता है। इस वजह से डिहाइड्रेशन बढ़ने से उसकी जान भी जा सकती है। इस परिस्थिति में तत्काल अस्पताल में भर्ती कराना चाहिए। अगर मरीज कुछ निगलने में असमर्थ भी होता है तब भी अस्पताल में उसे पानी दे दिया जाता है। इससे स्थिति सुधरने में आसानी होती है। एम्स दिल्ली में न्यूरॉलजी डिपार्टमेंट की हेड डॉ. मंजरी त्रिपाठी ने कहा कि हीट स्ट्रोक की वजह से ब्रेन स्ट्रोक का भी खतरा बना रहता है। पानी की कमी होने की वजह से खून दिमाग तक नहीं पहुंच पाता है। खून थक्का बनकर नसों में ही जम जाता है। ऐसे में रक्त का संचार बाधित होता है और हैमरेज भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि उन लोगों को खतरा ज्यादा होता है जो पहले से ही हाइपरटेंशन, डायबिटीज से ग्रसित होते हैं।

# अब देश में सुपर एक्सप्रेस-वे बनाने की तैयारी, 40 फीसदी तक बचेगा ईंधन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नई सरकार के गठन से पहले सड़क परिवहन मंत्रालय ने विजन-2047 के मास्टर प्लान में देश में नए सुपर एक्सप्रेस-वे बनाने का खाका तैयार किया है। इनकी अधिकतम रफ्तार 120 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। इसके अलावा मास्टर प्लान में देश के पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण भाग में जाने के लिए एक्सेस कंट्रोल हाई स्पीड कॉरिडोर का जाल बिछाया जाएगा। इससे सड़क यात्रियों के सफर में 45-50 फीसदी और निर्बाध यातायात मिलने से ईंधन की खपत में 35-40 फीसदी की बचत होगी। इनकी विशेषता यह होगी कि नए सुपर एक्सप्रेस-वे और एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर टोल प्लाजा मुक्त होंगे एवं जीपीएस आधारित टोल टैक्स वसूली होगी। सड़क परिवहन मंत्रालय के विजन-2047 के मास्टर प्लान में सिर्फ चार लेन, छह लेन, आठ लेन और 10 लेन के एक्सेस कंट्रोल हाई स्पीड कॉरिडोर और सुपर एक्सप्रेस-वे बनाने का प्रावाधान है। सुपर एक्सप्रेस-वे पर अधिकतम रफ्तार 120 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी और हाई स्पीड कॉरिडोर पर वाहन अधिकतम 100 किलोमीटर की रफ्तार से फर्राटा भर सकेंगे, जिससे एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की औसतन रफ्तार लगभग 90 से 100 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी, जबकि कॉरिडोर पर लगभग 70 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटे



की रफ्तार हासिल की जा सकेगी। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड जैसे राज्यों को मिलेगा फायदा मंत्रालय के मुताबिक, एक्सप्रेस-वे की चौड़ाई 90-100 मीटर और कॉरिडोर की चौड़ाई 70 मीटर होगी। हाई स्पीड कॉरिडोर के एलाइनमेंट इस प्रकार रखे जाएंगे, जिससे 200-200 किलोमीटर के ग्रिड बन जाएं।

इससे सड़क यात्री देश के किसी भी शहर से 100-130 किलोमीटर की दूरी तय कर उक्त हाई स्पीड कॉरिडोर पर लंबी दूरी का सफर तय कर सकें। इसका विशेष फायदा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्यों के सुदूर क्षेत्र के निवासियों को होगा। हाई स्पीड कॉरिडोर और एक्सप्रेस-वे पर 40-60 किलोमीटर की दूरी पर यात्री सुविधा केंद्र होंगे, जहां पेट्रोल पंप, सीएनजी पंप, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, फूड प्लाजा, बजट होटल, कॉमर्शियल कॉप्लेक्स आदि होंगे। 19 लाख करोड़ रुपये की लागत का अनुमान वर्तमान में देशभर में चार हजार किलोमीटर हाई स्पीड कॉरिडोर हैं, जबकि छह हजार किलोमीटर हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माणाधीन हैं। मास्टर प्लान में वर्ष 2037 तक 49 हजार किलोमीटर से अधिक हाई स्पीड कॉरिडोर (सुपर एक्सप्रेस-वे सहित) बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मास्टर प्लान में देशभर में सुपर एक्सप्रेस-वे और हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण के लिए 19 लाख करोड़ रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है।



आईपीएल में कम सैलरी पर रिंकू का गजब जवाब

# 5-10 रुपये के लिए तरसा हूं, अब तो लाखों मिल रहे...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिंकू सिंह ने पिछले दो साल में अपनी अलग पहचान बना ली है। आईपीएल 2023 में लगातार 5 गेंदों पर 5 छक्के मारकर केकेआर को जीत दिलाने के बाद रिंकू ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारत के लिए टी20 क्रिकेट में उन्होंने कई कमाल की पारी खेली। हालांकि आईपीएल 2024 में उम्मीद के मुताबिक रिंकू का बल्ला नहीं बोला। फिर उन्हें टी20 वर्ल्ड कप टीम में भी जगह नहीं मिली। हालांकि रिंकू को रिजर्व में रखा गया है और उन्होंने पहली बार आईपीएल का खिताब भी जीत लिया।

### आईपीएल में कम सैलरी पर क्या बोले रिंकू

आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के बाद रिंकू सिंह से कम सैलरी के बारे में सवाल किया गया। दैनिक जागरण को दिए इंटरव्यू में रिंकू ने कम सैलरी पर कहा, 50-55 लाख भी बहुत होता है।

जब शुरू किया था तब इतना भी नहीं सोचा था कि इतना कमाएंगे। उस समय बच्चे थे, तब 5-10 रुपये भी लगता था कि कैसे भी मिल जाएं। अब 55 लाख रुपये मिल रहे हैं तो यह बहुत है, ऊपर वाला जितना दे उसमें खुश रहना चाहिए। यह मेरी सोच तो यही है। मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता कि मुझे इतने पैसे मिलने चाहिए थे और उतने मिलने चाहिए थे। मैं 55 लाख रुपये में भी बहुत खुश हूं। जब ये नहीं हुआ करते थे तब पता चलता था कि पैसों का मूल्य कितना होता है।

### रिंकू को केकेआर देती है सिर्फ 55 लाख

रिंकू सिंह की आईपीएल सैलरी कई लोगों को हैरान कर देगी। उन्हें केकेआर से खेलने के लिए सिर्फ और सिर्फ 55 लाख रुपये मिलते हैं। रिंकू को 2022 की नीलामी में केकेआर ने खरीदा था। उस समय उनका नाम इतना बड़ा नहीं था। इसी वजह से नीलामी में बड़ी बोली नहीं लगी। अब रिंकू धमाका मचा रहे हैं लेकिन फिर भी उसी सैलरी में खेलना पड़ रहा है। वहीं कई अनकैप्ड खिलाड़ी आईपीएल में लाखों की सैलरी पा रहे हैं।



# रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोनाल्डो के दो गोल की मदद से अल नासर ने अल इतिहाद को 4-2 से हराया। इस तरह रोनाल्डो की टीम ने 34 मैचों में 26 जीत के साथ 82 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान रहकर सीजन का समापन किया। स्टार फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा और वह सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

रोनाल्डो ने अल इतिहाद के खिलाफ अल नासर के अंतिम मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। रोनाल्डो ने अल इतिहाद के खिलाफ मुकाबले में दो गोल किए जो उनका इस लीग के मौजूदा सीजन में 34वां और 35वां गोल था। इसी के साथ रोनाल्डो ने सीजन का समापन रिकॉर्ड बनाकर किया।

### अल नासर की जीत में रोनाल्डो ने निभाई भूमिका

रोनाल्डो ने अपने दो गोल के दम पर अल नासर की जीत में अहम भूमिका निभाई। रोनाल्डो ने अल इतिहाद के खिलाफ पहले हॉफ के स्टॉपेज समय (45+3 मिनट) में इस मैच का अपना पहला गोल दागा।

इसके बाद रीयल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाईटेड के इस पूर्व खिलाड़ी ने 69वें मिनट में हेडर के जरिये अपना दूसरा गोल किया। इसके साथ ही वह सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। रोनाल्डो के दो गोल की मदद से अल नासर ने अल इतिहाद को 4-2 से हराया। इस तरह रोनाल्डो की टीम ने 34 मैचों में 26 जीत के साथ 82 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान रहकर सीजन का समापन किया। अल हिलाल 34 मैचों में 31 जीत के साथ 96 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहा।

### रिकॉर्ड तोड़ने के बाद रोनाल्डो ने इस तरह दी प्रतिक्रिया

सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने के बाद रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिये अपनी उपलब्धि पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, मैं रिकॉर्ड के पीछे नहीं भागता, रिकॉर्ड मेरे पीछे भागते हैं।

### अब्देराजाक हमदल्लाह को पीछे छोड़ा

रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में सर्वाधिक गोल करने के मामले में मोरक्को के अब्देराजाक हमदल्लाह को पीछे छोड़ा।

अब्देराजाक हमदल्लाह ने 2018-19 सीजन में कुल 34 गोल किए थे, लेकिन पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी रोनाल्डो ने इस हमदल्लाह को पीछे छोड़ते हुए यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में इस लीग से जुड़े थे। रोनाल्डो पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 206 मैच खेले हैं और रोनाल्डो के नाम रिकॉर्ड 128 गोल हैं।

# अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को आईसीसी ने दिया 'लिस्ट-ए का दर्जा



**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक 'लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया है। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है। आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, 'अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। एमएलसी को आधिकारिक दर्जा मिलने का मतलब है कि यह अमेरिका के स्थानीय खिलाड़ियों और खेल के उभरते सितारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान का अवसर प्रदान करेगा। इससे देश में घरेलू प्रतिभा के विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस बयान के मुताबिक, 'एमएलसी को शुरूआती सत्र की सफलता के बाद लिस्ट ए का दर्जा मिल रहा है। यह अमेरिका में शीर्ष स्तर के क्रिकेट के आयोजन को लेकर हमारे अटूट समर्पण को रेखांकित करता है। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जायेंगे। श्रीनिवासन ने कहा, 'हमने पिछले साल मेजर लीग क्रिकेट के शुरुआती सत्र के बाद पूरे अमेरिका में क्रिकेट की लोकप्रियता को महसूस किया। अब बहुप्रतीक्षित आईसीसी टी20 विश्व कप और एमएलसी के दूसरे सत्र को लेकर रोमांच लगातार बढ़ रहा है। यूएसए क्रिकेट से मान्यता प्राप्त एमएलसी में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित पूरी दुनिया के क्रिकेटर भाग लेते हैं। इसके शुरुआती सत्र में छह टीमों लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, एमआई न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न, सिएटल ऑर्कास, टेक्सास सुपर किंग्स और वाशिंगटन फ्रीडम ने भाग लिया था।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 से पहले भारत ए का सामना ऑस्ट्रेलिया ए से होगा

**मेलबर्न , एजेंसी ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाले भारत ए के शेड्यूल और वेन्यू की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच दो चार दिवसीय मैच और एक तीन दिवसीय मैच खेला जाएगा, जिसमें भारतीय टेस्ट टीम और भारत ए के खिलाड़ी शामिल होंगे।

यह सभी मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला से पहले होंगे। लीड-अप गेम्स का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया मेजबानी करेगा, जिसमें भारतीय पुरुष और महिला टीमें ऑस्ट्रेलिया में 69 दिनों में आठ अलग-अलग स्थानों पर खेलेंगी। ऑस्ट्रेलिया ए बनाम भारत ए मैच क्रमशः मैकाय (31 अक्टूबर-3 नवंबर) और एमसीजी (7-10 नवंबर) में ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले जाएंगे, जबकि भारतीय आंतरिक मैच वाका ग्राउंड (15-17 नवंबर) में होगा। इसके जरिए खिलाड़ी वेस्ट



टेस्ट से पहले चयन के लिए अपना दावा पेश करेंगे । ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम दिसंबर में तीन एकदिवसीय मैचों में भारत से भिड़ेगी क्योंकि विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई और तेजी से सुधार कर रहे भारत के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है। सीए के क्रिकेट संचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा, 2024-25 की गर्मियों को पांच टेस्ट बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला द्वारा उजागर किया गया है, जो 30 से अधिक वर्षों में दो दिग्गजों के बीच पहली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला है। महिला वनडे के साथ-साथ और उससे पहले दो महत्वपूर्ण ऑस्ट्रेलिया ए बनाम भारत ए मैचों का आयोजन हमारे प्रशंसकों के लिए बहुत अच्छा होगा।

### भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 2024
### पुरुष ऑस्ट्रेलिया ए बनाम भारत ए सीरीज

| | | |
|---|---|---|
| 31 अक्टूबर- 3 नवंबर, 2024-ग्रेट बैरियर रीफ एरिना, मैकाय<br>7 नवंबर-10 नवंबर, 2024- एमसीजी, मेलबर्न<br>भारत पुरुषों का आंतरिक मैच<br>15 नवंबर-17 नवंबर- वाका ग्राउंड, पर्थ<br>बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज | 22-26 नवंबर, 2024- पर्थ स्टेडियम, पर्थ<br>6-10 दिसंबर, 2024- एडिलेड ओवल, एडिलेड (डे/नाइट)<br>14-18 दिसंबर, 2024-गाबा, ब्रिस्बेन<br>दिसंबर 26-30, 2024-एमसीजी, मेलबर्न<br>3-7 जनवरी, 2025- एससीजी, सिडनी | महिला वनडे सीरीज - ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत<br>5 दिसंबर, 2024-एलन बॉर्डर फील्ड, ब्रिस्बेन (डे/नाइट)<br>8 दिसंबर, 2024-एलन बॉर्डर फील्ड, ब्रिस्बेन (डे)<br>11 दिसंबर, 2024- वाका ग्राउंड, पर्थ (डे/नाइट) |

फ्रेंच ओपन

# जन्मदिन से पहले राफेल नडाल को लगा झटका, पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दी करारी शिकस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राफेल नडाल को जन्मदिन से पहले तगड़ा झटका लगा है। सोमवार को खेले गए मुकाबले के पहले दौर में 14 बार के चैंपियन को अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। राफेल नडाल को जन्मदिन से पहले तगड़ा झटका लगा है। सोमवार को खेले गए मुकाबले के पहले दौर में 14 बार के चैंपियन को अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। तीन जून को नडाल 38 वर्ष के हो जाएंगे। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव से 6-3, 7-6 (7/5), 6-3 से हार गए। 2005 में खिताब जीतने के बाद रोलांड गैरोस में 116 मैचों में उनकी यह चौथी हार है। ऐसा पहली बार हुआ कि वह पेरिस में शुरुआती दौर में हार गए थे। पहले दौर से बाहर हुए नडाल की वापसी पर सस्पेंस बरकरार

तीन घंटे तक चले खेल में अधिकांश समय अपने प्रतिद्वंद्वी के हावी रहने के बावजूद, नडाल ने अपने कुछ पुराने शॉट्स के माध्यम से मैच में वापसी के लिए संघर्ष जारी रखा। हार के बावजूद उनके समर्थकों ने उनका भरपूर समर्थन किया। इसके लिए नडाल ने उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह उनकी टूर्नामेंट में आखिरी उपस्थिति है या नहीं कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा, मेरे लिए बात करना कठिन है। मुझे नहीं पता कि यह आप सभी के सामने आखिरी बार होगा या नहीं। मुझे यकीन नहीं है। लेकिन अगर यह आखिरी बार है तो मैंने इसका आनंद लिया। आज मेरे मन में जो भावनाएं हैं उन्हें शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। मेरे लिए उस जगह के लोगों का प्यार महसूस करना बहुत खास है, जिसे मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हूं।



पेरिस ओलंपिक

# उद्घाटन समारोह में पारंपरिक पोशाक में नजर आएंगे भारतीय एथलीट, बिखरेगी तिरंगे की छटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2012 के लंदन ओलंपिक तक भारतीय दल ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पगड़ी (पुरुष खिलाड़ी) और साड़ी (महिलाएं) की पारंपरिक पोशाक में उतरता था, लेकिन 2016 के रियो ओलंपिक में पुरुषों के सिर से पगड़ी को हटा दिया गया।

इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और भारतीय एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा दम लगाने को तैयार हैं। चार साल में होने वाले खेल के इस महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। पेरिस ओलंपिक में पारंपरिक भारतीय पोशाक साड़ी की वापसी हो गई है।

सीन नदी के तट पर होने वाले ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में बेटियां इस बार साड़ी में नजर आएंगी और पुरुष खिलाड़ी बंडी और कुर्ते में सजे-धजे होंगे। उद्घाटन समारोह में इस बार पुरुष और महिला खिलाड़ियों की पोशाक खास होगी। इस पोशाक को देखते ही दुनिया समझ जाएगी कि यह कोई और नहीं बल्कि भारतीय दल है। साड़ी के अलावा बंडी और कुर्ते में भारतीय झंडे के तीनों रंग होंगे। इस पोशाक से तिरंगे की छटा बिखरती नजर आएगी।

### लंदन ओलंपिक तक होती थी पगड़ी, साड़ी की पोशाक

2012 के लंदन ओलंपिक तक भारतीय दल ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पगड़ी (पुरुष खिलाड़ी) और साड़ी (महिलाएं) की पारंपरिक पोशाक में उतरता था, लेकिन 2016 के रियो ओलंपिक में पुरुषों के सिर से पगड़ी को हटा दिया गया। 2018 के राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों से साड़ी को भी विदा कर दिया गया। टोक्यो ओलंपिक में महिला खिलाड़ी कोट और पैंट में नजर आईं। हालांकि बीते वर्ष हुए हांगझोऊ एशियाई खेलों में महिला खिलाड़ियों के परिधान में साड़ी को शामिल किया गया।

# चेसः प्रगनानंद का सामना फ्रांस के अलीरजा से, कार्लसन लंबे समय बाद क्लासिकल टूर्नामेंट में करेंगे वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सभी की नजरें मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन पर होंगी जो साल के आखिर में भारत के डी गुकेश की चुनौती का सामना करेंगे। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि को विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में हराने के बाद उन्होंने काफी कम प्रतिस्पर्धी शतरंज खेली है। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे, जबकि आर वैशाली की टक्कर महिला विश्व चैंपियन चीन की वेंजुन जू से होगी। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में शीर्ष छह ग्रैंडमास्टर भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में शीर्ष छह खिलाड़ी खेलेंगी। वहीं, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन लंबे समय बाद क्लासिकल



शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में सराहनीय प्रदर्शन किया है जिससे सभी की उम्मीदें एक बार फिर इनसे बेहतर प्रदर्शन की होगी।

डिंग लिरेन पर रहेंगी नजरें

सभी की नजरें मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन पर होंगी जो साल के आखिर में भारत के डी गुकेश की चुनौती का सामना करेंगे। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि को विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में हराने के बाद उन्होंने काफी कम प्रतिस्पर्धी शतरंज खेली है। पहले दौर में उनका सामना कार्लसन से होगा। इनके अलावा अमेरिका के फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा भी इसमें भाग लेंगे। दोनों पहले दौर में एक दूसरे के आमने सामने होंगे। महिला वर्ग में वैशाली के अलावा कोनेरू हम्पी, यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ,स्वीडन की पिया क्रामलिंग और चीन की वेनजुन और तिंगजि लेइ भाग लेंगे।

### अलग होता है प्रारूप

इस टूर्नामेंट का प्रारूप दूसरों से अलग है और इसमें किसी मुकाबले में अंक नहीं बंटते हैं। ड्रॉ होने पर खिलाड़ी टाइब्रेकर खेलेंगे। क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत जीतने पर तीन अंक मिलेंगे, जबकि ड्रॉ रहने पर टाइब्रेकर जीतने वाले को डेढ़ और हारने वाले को एक अंक दिया जाएगा।

# कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में क्रियान्वित एकल व समूह नल जल योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवयश्क निर्देश दिए। साथ ही समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कर पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पाइपलाइन बिछाने एवं घरेलू नल कनेक्शन की जानकारी लेकर किसी भी समस्या पर अवगत कराने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने हर घर जल रिपोर्ट की जानकारी लेकर शालाओं और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल उपलब्धता की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा टेकओवर पश्चात योजना के संधारण व रखरखाव के बारे में पूछा।

उन्होंने डीपीसी को स्कूलों में बंद पड़े नल कनेक्शन को चालू कराने और हैण्डओवर हो चुके कार्यों के संबंध में जरूरी कार्यवाही सुचिश्चित करने के लिए कहा। किसी भी स्थिति में हैण्डओवर के पश्चात निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए। साथ ही शाला संचालन के पूर्व आवश्यक मरम्मत कराने के लिए कहा। इसी तरह पंचायत को हस्तांतरित योजनाओं में प्राप्त जल कर की राशि के बारे में जानकारी लेकर समस्त जनपद पंचायत सीईओ को लोगों को जल कर जमा करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। कलेक्टर श्री कुमार ने समूह नल जल योजना के तहत वृहद स्तर पर क्रियान्वित सभी परियोजनाओं में अद्यतन प्रगति की जानकारी लेकर जल सोधन संयंत्र निर्माण सहित अन्य कार्यों में आवश्यक अनुमतियों के लिए समय पर जरूरी कार्यवाहियां संपादित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को जरूरी समन्वय के लिए संयुक्त भ्रमण के संबंध में भी निर्देशित किया। पन्ना नेशनल पार्क में जल जीवन मिशन से संबंधित सात प्रकरणों में ग्रामसभा आयोजित कर प्रस्ताव पारित करवाने और आवश्यक होने पर वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस संबंधी अनुमति लेने के लिए कहा। परियोजनाओं अंतर्गत एप्रूव ड्राइंग डिजाइन के अनुसार आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही जल जीवन मिशन के लाभ के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। इसके अलावा ग्राम स्तर तक परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए गठित समितियों को सक्रिय करने व परस्पर समन्वय के साथ जागरूकता गतिविधियां आयोजन के निर्देश भी दिए। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने अथवा शासकीय संपत्ति के नुकसान पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व मोहित सूद सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह, महाप्रबंधक शिवम सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर समीक्षा जैन एवं आलोक मार्को भी उपस्थित रहे।

## अभ्यर्थी सार्वजनिक संचालन कक्ष में कर सकेंगे मोबाइल का उपयोग

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा आगामी 4 जून को मतगणना स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में स्थापित सार्वजनिक संचालन कक्ष में अभ्यर्थियों के मोबाइल सुरक्षित रखने के लिए लोकसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत रिटर्निंग अधिकारी की हैण्डबुक में निहित प्रावधान अनुसार उम्मीदवारों को उनके मोबाइल फोन का उपयोग करने की अनुमति प्राप्त है। इसके लिए मतगणना स्थल के बाह्य परिसर में अभ्यर्थियों के लिए सार्वजनिक संचालन कक्ष स्थापित किया जाएगा। इसमें अभ्यर्थी अपने मोबाइल का उपयोग कर सकेंगे। सार्वजनिक संचालन कक्ष में अभ्यर्थियों के मोबाइल सुरक्षित रखने के लिए मतगणना दिवस पर सुबह 7 बजे से परिणाम घोषित होने तक उच्च श्रेणी शिक्षक रमाकांत खरे एवं माध्यमिक शिक्षक मनीष दुबे की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# 25 हजार से अधिक असाक्षर व्यक्तियों ने दी मूल्यांकन परीक्षा

## निर्धारित लक्ष्य से अधिक उपलब्धि पर मिला प्रशस्ति पत्र

**पन्ना।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने के लिए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर के नेतृत्व में कार्यक्रम अंतर्गत जिले में गत 17 मार्च को आयोजित मूल्यांकन परीक्षा में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 108 प्रतिशत उपलब्धि पर राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक धनराजू एस द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। साथ ही जिला कलेक्टर एवं संपूर्ण टीम के कुशल मार्गदर्शन में प्राप्त उपलब्धि पर बधाई दी है। इसके साथ ही भविष्य में जिले को पूर्ण साक्षर बनाने की अपेक्षा की गई है।




भोपाल स्थित राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक ने जिला कलेक्टर को प्रेषित अर्द्धशासकीय पत्र में उल्लेख किया है कि जिले की टीम द्वारा साक्षरता एवं सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा, लगन एवं समर्पण व प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया गया है, जिससे पन्ना जिले सहित मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्राप्त हुआ है। जिले में मूल्यांकन परीक्षा में निर्धारित लक्ष्य 23 हजार 915 के विरूद्ध 25 हजार 749 असाक्षरों को शामिल कराया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा सत्र 2022-27 तक 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने के लिए उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। समस्त असाक्षरों को वर्ष 2030 तक साक्षर करने का लक्ष्य है। जिले को मिली इस उपलब्धि पर प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी रमाकांत खरे एवं साक्षरता मिशन के जिला सह समन्वयक शरद श्रीवास्तव ने सोमवार को कलेक्टर सुरेश कुमार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय से भेंट की और जिले को प्राप्त उपलब्धि के बारे में अवगत कराया।

## स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन



**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति पन्ना द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना एवं स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान जनकपुर पन्ना के समेकित तत्वधान में महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं को पाठयक्रम के संबंध में एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सुबिधाओ से परिचित कराते हुए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय के संचालक द्वारा छात्र छात्राओ को तकनीकी शिक्षा में होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। उक्त कौशल विकास कार्यक्रम में महाविद्यालय के संचालक दिनेश सिंह प्राचार्य आलोक कुमार, जीतेंद्र सर, देवेन्द्र कुमार, बादल बढोलिया, स्वाती सिंह, रूपेन्द्र पटेल, आशीष सोनी, अनुपमा सिंह हिमांशी बुंदेला सतेंद्र सिंह, दिपेश कौशिक आदि स्टाफ एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

# एक सौ ग्यारह करोड़ का खनिज विभाग द्वारा किया गया जुर्माना

## नाम नही किये जा रहे उजागर

**पन्ना।** पन्ना जिले के खनिज विभाग मे लगातार गोलमाल एवं मनामने ढंग से कार्य किया जा रहा है। अवैध उत्खनन करने वाले रेत माफियाओं द्वारा आये दिन अवैध उत्खनन किया जाता है। बीच बीच मे राजस्व तथा खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की जाती है तथा मशीने, डम्फर एवं अवैध रेत जप्त की जाती है तथा उनके उपर जुर्माना किया जाता है। लेकिन उनके नाम उजागर नही किये जाते है, या फिर उक्त जुर्माना का प्रकरण अज्ञात के नाम बनाकर कार्यवाही मे लीपा पोती कर दी जाती है। इसी प्रकार का मामला अभी चर्चाओं मे है। अजयगढ एस.डी.एम. कुशल सिंह गौतम द्वारा बीरा, सुनहरा खदानो से एलएनटी मशीन, जेसीबी मशीन तथा दो दर्जन से अधि ट्रक डम्फर पकडे गये थे। जिसमें कुछ ट्रक




डम्फर रेत माफिया छुडाकर ले गये थे इसके बाद एसडीएम द्वारा उक्त अवैध उत्खनन के खिलाफ ऐक सौ ग्यारह करोड का राजस्व जुमार्ना बनाकर खनिज विभाग को कार्यवाही के लिए दिया गया था। लेकिन उक्त मामले मे सबसे बडा पहेलू यह निकलकर आ रहा है कि एसडीएम एवं खनिज अधिकारी द्वारा संबंधित अवैध रेत माफियाओं के खिलाफ बनाये गये प्रकरण मे किसी का भी नाम उल्लेख नही किया जा रहा है। जब जुर्माना के लिए नाम उल्लेख नही किया जायेगा तो उक्त जुर्माना किससे वसूल किया जायेगा। यह विषय चर्चाओं मे है, आंगे देखना है क्या होता है।

### इनका कहना है

हमने प्रकरण बनाकर खनिज अधिकारी को भेज दिया गया है, उन्ही के पास संपूर्ण फाईल है, उन्ही से बात कर लीजिए वही बताएगें।

**कुशल सिंह गौतम**
**एसडीएम अजयगढ जिला पन्ना**

मैने निरीक्षक को परिक्षण के लिए दिया है, अभी मेरे पास फाईन सामने नही है, लगभग एक सौ ग्यारह करोड का प्रकरण बनाकर एसडीएम साहब ने दिया है, फाईल देखने के बाद ही कुछ बता पायेगें।

**डॉक्टर रवी पटेल जिला**
**खनिज अधिकारी पन्ना**

# पीयूष, अदिति, अनिकेत का 25 वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में चयन

**पन्ना।** 6 वीं जिला स्तरीय जूनियर वुशू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना में 25, 26 मई 2024 को किया गया। जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में पन्ना जिले के जूनियर वर्ग से 5 बालक 3 बालिकाओं सहित कुल 8 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। उक्त प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे मनोज केशरवानी, विशिष्ट अतिथि नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना, पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना, लारेंस एट्स अध्यक्ष जिला जु-जित्स संघ पन्ना, बलराम सेन, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, सैफ उल्ला संचालक पन्ना हैल्थ क्लब, संतोष साहू, उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना ने की। सचिव व मुख्य प्रशिक्षक इरफान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 वीं जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता 2024 में अनिकेत श्रीवास्तव 52 कि.ग्रा. वजन वर्ग, पीयूष विश्वकर्मा 56 कि.ग्रा. वजन वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रहें एवं अदिति गुप्ता 60 कि.ग्रा. वजन वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रही।

# दबंगो से परेशान दलित ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## मकान निर्माण कार्य मे अड़ंगा लगाकर किया जा रहा परेशान

**पन्ना।** जिले के देवेन्द्रनगर तहसील मुख्यालय मे रहने वाले छोटे लाल चौधरी ने कलेक्टर पन्ना के नाम आवेदन देते हुए बताया कि मेरे द्वारा मैने अपनी मॉ कलाबती चौधरी के नाम से देवेन्द्र नगर स्थित आरआजी नम्बर 75 सिमरी मडैयन मे 12 सौ फिट का प्लाट खरीदा गया था तथा उक्त प्लाट का नामंत्रण, डायवर्सन सहित सभी शासकीय प्रकियाए पूर्ण करके निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। निर्माण कार्य चल रहा था, इसी दौरान देवेन्द्र नगर के ही चार लोग सुरेन्द्र सिंह, अंकित गुप्ता, प्रसान्त, रवी चौबे द्वारा अनावश्यक रूप से शिकायते की गई। जिसके बाद तहसीलदार देवेन्द्र नगर द्वारा



राजस्व की पांच सदस्यीय टीम के साथ सीमांकन कराया गया। सीमांकन कराने के बाद मेरे द्वारा कही पर भी कोई अतिक्रमण शासकीय जमीन पर करना नही पाया गया। इसके बाद उक्त लोगो द्वारा जबरन मेरे प्लाट मे शासकीय नाला होने का उल्लेख करते हुए अनावश्यक दबाव बनाया गया तथा मुझसे कहा गया कि तुमने जिन लोगो नफीस एवं सुनील जैन से प्लाट खरीदा है उनसे कहो कि हमें आप लोगो द्वारा गलत ढंग से प्लाट दिया गया है, तथा संबंधितो से दो लाख रूपये मांगो जिसमें तुम और हम बांट लेगें। जिसके लिए मैने मना कर दिया, उक्त लोग झूठी शिकायते कर रहे तथा तुम्हारा मकान नही बनने देगें तथा झूठी शिकायते करगें तुम्हे परेशान करेगें। आवेदक छोटे लाल ने जिला कलेक्टर, प्रदेश के मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, ग्रह मंत्री, पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत की प्रतियां भेजते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।

## मतगणना स्थल पर उपलब्ध रहेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में मतगणना दिवस पर 04 जून को समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस संबंध में आज भारत निर्वाचन आयोग की वीडियो कॉन्फ्रेंस में भी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मतगणना स्थल पर सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती व एम्बुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को मतगणना स्थल पर सुबह 6 बजे से एक-एक हृदय रोग विशेषज्ञ एवं मेडिसिन विशेषज्ञ, अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ व उपकरण एवं दवाईयां परिणाम की घोषणा और सीलिंग संबंधी संपूर्ण कार्यवाही होने तक निरंतर तैनात रखने के लिए कहा गया है।

## धीरेन्द्र कुमार चौरसिया एल.आई.सी. अभीकर्ता चौथी बार एमडीआरटी सदस्य बनें

**पन्ना।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा पन्ना के एलआईसी अभीकर्ता धीरेन्द्र कुमार चौरसिया द्वारा लगातार बीमा कराने के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य किया गया है। जिसके लिए पन्ना जिले मे उन्हे पहली बार डबल एमडीआरटी का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है तथा पहली बार इन्हे गैलेक्सी क्लब की सदस्यता प्रदान की गई है। उनके उक्त सफलता पर विकास अधिकारी सौरभ पान्डेय की सराहनीय भूमिका रही है। श्री चौरसिया को उक्त सफलता मिलने पर इष्ट मित्रो, शुभ चिंतको, एल आई सी विभाग के अधिकारीयो, कर्मचारीयो साथी अभीकर्ताओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### राउण्डवार परिणाम की उद्घोषणा के लिए ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 4 जून को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में मतगणना के दौरान राउण्डवार परिणामों की उद्घोषणा के माध्यम से जानकारी के लिए लोकसेवकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इसके लिए उच्च माध्यमिक शिक्षक सतेन्द्र त्रिपाठी एवं उच्च श्रेणी शिक्षक संजय शर्मा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## मतगणना दिवस पर मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी निर्धारित

पन्ना

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 4 जून को मतगणना स्थल पर मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी मतगणना कक्षों में निर्धारित की गई है। प्राध्यापक डॉ. जे.के. वर्मा की पवई विधानसभा के मतगणना कक्ष, सह प्राध्यापक डॉ. आर.एम. दत्ता की गुनौर विधानसभा के मतगणना कक्ष, सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद चौरसिया की पन्ना विधानसभा के मतगणना कक्ष तथा डॉ. रजनीश चौरसिया की डाक मतपत्र गणना कक्ष में ड्यूटी लगाई गई है। मास्टर ट्रेनर्स को सुबह 7 बजे से ड्यूटी पर उपस्थित होकर कार्य संपादित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## मतगणना स्थल पर विद्युत व्यवस्था के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 04 जून को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में मतगणना होगी। वर्तमान ग्रीष्म ऋतु एवं विद्युत के अधिक उपयोग के दृष्टिगत अधीक्षण यंत्री म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी एवं अनुविभागीय अधिकारी विद्युत-यांत्रिक लोक निर्माण विभाग पन्ना को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मतगणना के दौरान विद्युत की निर्बाध रूप से आपूर्ति के संबंध में आवश्यक किलोवाट का आंकलन कर निर्धारित स्तर पर उपलब्ध विद्युत क्षमता अनुसार व्यवस्था करने के साथ ही वैकल्पिक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। इस संबंध में वांछित जानकारी 28 मई को दोपहर 12 बजे तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा विद्युत प्रदाय के लिए सुदृढ़ व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाए, जिससे मतगणना के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# सतना जिले के निवासी थे मुंबई में अरब सागर में नाव पलटने से मरने वाले तीन मजदूर



**सतना।** मुंबई के निकट सिंधुदुर्ग में अरब सागर में नाव पलटने से मरने वाले तीन मजदूर सतना जिले के रहने वाले बताए जाते हैं। मरने वालों में सिंहपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर निवासी आजाद कोल और चांद मोहम्मद तथा अमरपाटन थाना के जनमोहरा निवासी शिवराम कोल शामिल हैं।

मौत की खबर सुनते ही तीनों मजदूरों के घर में मातम छाया है। तीनों मजदूर मछली मारने वाली नौका में बर्फ ले जा रहे थे। नाव अनिरूंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद तीनों मजदूर अथाह सागर में समा गए। तीनों की सांस थमने के बाद उनके शव सागर के किनारे लग गए। बताया जाता है कि इन तीन मजदूरों के आलावा और भी नौकरी की तलाश में घूम रहे युवाओं को ठेकेदार के माध्यम से ये सभी मजदूर मुंबई ले जाए गए थे।

## ग्राम कुंवरपुर से बालिका लापता, पुलिस चौकी मोहन्द्रा मे गुम इंसान किया कायम

**पन्ना।** सिमरिया थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी मोहन्द्रा के ग्राम कुंवरपुर से 19 वर्षीय वालिका अचानक घर से लापता हो गई। जिसके संबंध मे परिजनों द्वारा अनेक स्थानो पर खाज की गई। लेकिन उसका कोई अता पता नही है। फरियादी की रती बाई पति संतोष रैकवार उम्र 40 वर्ष ने चौकी मे सूचना देते हुए बताया कि मै मजदूरी का काम करती हू, मेरी दो लडकी है तथा एक लडका है बडी लडकी दुर्गा उर्फ गोलू रैकवार अचानक 24 मई को अचानक घर से लापता हो गई है। उक्त संबंध में पुलिस चौकी मोहद्रा में गुम इंसान कायम कर लिया गया है।

# कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यों का किया निरीक्षण

## ग्रामवासियों से संवाद कर सुनी समस्याएं

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने रविवार को जल संसाधन विभाग के प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभाग के कार्यपालन यंत्री सतीश शर्मा से कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने कुंजवन के निकट खोरा-केरवन परियोजना और किलकिला फीडर के जरिए नगर की पेयजल जलापूर्ति व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। यहाँ हितग्राहियों से संवाद कर समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने लक्ष्मीपुर में



बरखेड़ा बांध स्थल का मुआयना किया। इसके उपरांत विश्रामगंज में रुंज बांध स्थल पर पंप हाउस और पाइप लाइन बिछाने के कार्यों का अवलोकन कर ग्रामवासियों से चर्चा की। कलेक्टर ने मझगाय डैम के क्रियांवित कार्यों का भी जायजा लिया।

अजयगढ़ विकासखंड में अटल भूजल योजना के तहत हुए विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की सराहना कर लोगों की जागरुकता गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 29 मई 2024



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में 27 मई 2024 को साइवर क्राइम एवं पास्को किशोर अधिनियम विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



# किसानों के लिए वरदान है हैप्पी सीडर, नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ

**रीवा।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण हैप्पी सीडर है। हैप्पी सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। हैप्पी सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के



ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। हैप्पी सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। हैप्पी सीडर में बीज और खाद के लिए अलग-अलग बॉक्स लगे रहते हैं। बीज की गहराई भी इससे कम या अधिक की जा सकती है। हैप्पी सीडर के उपयोग से एक एकड़ में बुवाई करने पर लगभग पाँच हजार रुपए की बचत होती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे हैप्पी सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है।

संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में हैप्पी सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को हैप्पी सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। हैप्पी सीडर सामान्य तौर पर एक दिन में 6 से 8 एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करके सीधे बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी हैप्पी सीडर बहुत उपयोगी है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेंहू के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर हैप्पी सीडर मूंग की बुवाई कर देता है। हैप्पी सीडर के उपयोग से जुताई का खर्च बच जाता है। नरवाई नष्ट करने, जुताई और बुवाई एक साथ हो जाने से खेती की लागत घटती है। धान की फसल के बाद सीधे बुवाई करने पर सिंचाई की बचत होती है। बिना पलेवा लगाए किसान गेंहू की बोनी कर सकते हैं। हैप्पी सीडर के उपयोग से बुवाई में 15 दिन की बचत होती है। समय पर गेंहू और चने की बोनी हो जाने से उत्पादन लगभग 20 प्रतिशत अधिक प्राप्त होता है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर हैं उनके घर के शिक्षित युवा हैप्पी सीडर खरीदकर एक सीजन में एक लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं।

## जिले में मतगणना दिवस में शराब की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

**रीवा।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना दिवस में शराब की बिक्री, परिवहन, भण्डारण, शराब वेयरहाउस एवं बॉटलिंग यूनिट पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत मतगणना दिवस 4 जून को सभी देशी तथा विदेशी शराब की मदिरा दुकानें बन्द रहेंगी। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## अधिकारियों द्वारा की जा रही है स्ट्रांग रूम की निगरानी

### कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में संधारित हैं ईव्हीएम

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया गया। मतदान के बाद लोकसभा क्षेत्र में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की ईव्हीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में सील बंद कर सुरक्षित संधारित की गई हैं। इंजीनियरिंग कालेज रीवा में विधानसभावार बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूमों में ईव्हीएम मशीनें रखी गई हैं। इन्हें उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सीलबंद किया गया। ईव्हीएम की सुरक्षा के लिए 24 घंटे केन्द्रीय सुरक्षा बल के सशस्त्र जवान तैनात हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था में समन्वय और निगरानी के लिए राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। स्ट्रांग रूमों की निगरानी के लिए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तीन पालियों में 24 घंटे तैनात रहते हैं। स्ट्रांग रूमों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इनके माध्यम से भी 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उम्मीदवारों के प्रतिनिधि भी स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए तैनात हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को मतगणना की जाएगी। मतगणना दिवस में उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 29 मई को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना योजना, पोषण आहार वितरण, मंगल दिवस तथा अन्य विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 1088090 क्विंटल गेंहू की खरीद

रीवा

जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। अधिकांश खरीदी केन्द्रों में गेंहू की खरीद लगभग पूरी हो गई है। अब कुछ ही खरीदी केन्द्रों में गेंहू की आवक हो रही है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 28 मई तक 23879 किसानों से 1088090 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 261 करोड़ 14 लाख 17 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 1049996 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 205 करोड़ 90 लाख 69 हजार 102 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 27398 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं।

## आयोग की वेबसाइट और एप पर मिलेंगे चुनाव परिणाम

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को प्रात: 8 बजे से इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। मतगणना के प्रत्येक चक्र के विधानसभावार परिणाम प्रदर्शित किये जायेंगे। सबसे पहले प्रातः 8 बजे से डाकमत पत्र की गणना प्रारंभ होगी। इसके आधे घंटे बाद 8.30 बजे ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। विधानसभा निर्वाचन मतगणना के परिणाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन एप पर देखे जा सकेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। इसके अलावा भी मतगणना के परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे।

## मतगणना स्थल पर अधिकृत व्यक्ति ही पा सकेंगे प्रवेश

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को प्रात: 8 बजे से इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जा रहे हैं। मतगणना हाल के अंदर केवल अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जाएगा। इनमें गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक, निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्ति, निर्वाचन के संबंध में कर्तव्यरूढ़ लोकसेवक एवं उम्मीदवार तथा उनके निर्वाचन और गणना अभिकर्ता शामिल रहेंगे। मतगणना केन्द्र परिसर में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना एजेंटों, मतगणना में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पत्रकारों को निर्धारित स्थल से ही मतगणना केन्द्र परिसर में प्रवेश दिया जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार निर्वाचन के संबंध में कर्तव्यरूढ़ लोकसेवक के अंतर्गत सामान्य रूप से पुलिस अधिकारी नहीं आते हैं, ऐसे अधिकारियों को चाहे वे वर्दी में हों, या सादी वर्दी में, सामान्य नियमानुसार काउंटिंग हॉल के अंदर आने की अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि उन्हें कानून और व्यवस्था बनाए रखने या किसी भी प्रकार के अन्य प्रयोजन से अंदर बुलाने का निर्णय न लिया जाए। इसी तरह केन्द्र और राज्यों के मंत्री, राज्य मंत्री और उप मंत्री भी इस श्रेणी में नहीं आते। वे काउंटिंग हॉल में केवल अभ्यर्थी के रूप में ही आ सकते हैं। आयोग के नये निर्देशों के अनुसार उनकी नियुक्ति निर्वाचन या गणना अभिकर्ताओं के रूप में नहीं की जा सकती, क्योंकि वे गनमैन की सुरक्षा में होते हैं। इसलिए उन्हें काउंटिंग हॉल में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। किसी भी परिस्थिति में गणना के स्थान में अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाए। केवल वैध प्रवेश पत्रधारी व्यक्ति ही मतगणना स्थल में प्रवेश कर सकेंगे।

## मऊगंज जिले में मतगणना दिवस को बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने मतगणना दिवस 4 जून को पूरे दिन मऊगंज जिले में मदिरा की दुकानें बंद रखने के आदेश दिए हैं। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

## नौतपा के चौथे दिन सूरज ने उगली आग, रीवा में पारा 48 डिग्री के पार

**रीवा।** रीवा सहित मऊगंज में मंगलवार दोपहर गर्मी ने इस साल के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। जहां मंगलवार दोपहर तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सोमवार को सर्वाधिक तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया था। यानी मंगलवार का दिन रीवा के लिए इस साल का सर्वाधिक गर्म दिन रहा है। वहीं मंगलवार को अभी तक न्यूनतम तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया है। गर्मी की वजह से सबसे अधिक दिक्कत बस से यात्रा करने वाले यात्रियों को हो



रही है। रीवा के नए बस स्टैंड में यात्री बसों के इंतजार में परेशान होते हुए नजर आए। यात्रियों के मुताबिक एक तो पहले से नौतपा की वजह से जबरदस्त गर्मी है। वहीं घंटों तक बसों के इंतजार ने उनकी समस्या और बढ़ा दी है। बता दें कि मौसम विभाग ने गर्मी को लेकर पहले ही येलो अलर्ट जारी किया था। नौतपा के चौथे दिन तापमान 45 डिग्री पार कर गया। सड़क पर चलने वाले सभी लोग लू से बचने के उपायों को ध्यान में रखते हुए बाहर निकल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग ने भी अस्पताल में बढ़ रहे मरीजों की संख्या को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। सुबह 9:30 से सड़कों पर सन्नाटा नौतपा की शुरुआती दिनों से ही पड़ रही गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को सुबह तकरीबन 9:30 से ही शहर की सड़के खाली नजर आई। अधिकतर लोग घरों में दुख के रहे वहीं जरूरी कामकाज आने के कारण लोग घरों से निकले लेकिन सर पर गमछा और जबान पर गर्मी चर्चा देखी गई। दोपहर के समय तो शहर का मुख्य बाजार शिल्पी प्लाजा पूरी तरीके से खाली दिखाई दिया। इतना ही नहीं सरकारी दफ्तर में भी कर्मचारी कूलर के आगे बैठकर गर्मी की चर्चा करते देखे गए। बता दें कि रीवा में मौसम विभाग पहले ही गर्मी को लेकर येलो अलर्ट जारी कर चुका है। रीवा संभाग के संजय गांधी अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने से डॉक्टरों ने भी लोगों को धूम-गर्मी से बचने की सलाह दी है। संजय गांधी अस्पताल में गर्मी की बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या प्रतिदिन 250 से 350 के बीच थी। सीएमओ अतुल सिंह के द्वारा बताया गया हैं कि अब वो संख्या बढ़ गई है। जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। मौसम विभाग की मानें तो रीवा में 8 जून तक ऐसी ही गर्मी पड़ने वाली है। आने वाले 4 दिनों में रीवा में मौसम का तापमान और बढ़ने वाला है।

## इंजीनियरिंग कालेज में 4 जून को कड़ी सुरक्षा के बीच होगी मतगणना

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसारी रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में प्रातः 8 बजे से आरंभ होगी। मतगणना के लिए विधानसभावार मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। रीवा तथा मऊगंज जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना निर्धारित कक्षों में की जाएगी। डाक मतपत्रों तथा ईटीपीबीएस की गणना के लिए अलग से प्रबंध किए गए हैं। मतगणना केन्द्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि उम्मीदवारों तथा प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रातः 7.30 बजे स्ट्रांग रूम खोले जायेंगे। रिटर्निंग आफीसरों द्वारा मतगणना तथा स्ट्रांग रूम खोले जाने की लिखित सूचना उम्मीदवारों को दी गयी है। स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम ले जाने के लिए पृथक से दल तैनात किया गया है। अधिकारियों की निगरानी में ईव्हीएम मतगणना कक्ष तक जायेंगी। कलेक्टर ने बताया कि मनगवां विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती 15 टेबिलों में तथा शेष विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 14-14 टेबिलों में की जाएगी। प्रत्येक टेबिल में मतगणना सहायक, माइक्रो प्रेक्षक, सुपरवाइजर तैनात रहेंगे। सबसे पहले सहायक रिटर्निंग आफीसर की टेबिल में डाक मतपत्रों की गणना शुरू होगी। इसके लिए अलग से मतगणना टीम तैनात रहेगी।

## मतगणना निष्पक्षता और पारदर्शिता से कराएं : मुख्य निर्वाचन आयुक्त

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिए मतगणना के संबंध में निर्देश

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन की मतगणना तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने कहा कि अब तक संपन्न हुए निर्वाचन के सभी चरणों में जिला स्तर पर अधिकारियों ने बहुत अच्छा कार्य किया है। कुछ घटनाओं को छोड़कर अब तक देशभर में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ है। पुनर्मतदान की भी कुछ स्थानों पर ही आवश्यकता पड़ी है। देशभर में में निर्धारित मतगणना केन्द्रों में 4 जून को प्रातः 8 बजे से मतगणना की जाएगी। मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी तैयारियाँ कर लें। मतगणना पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से संपन्न कराएं। जिससे ईव्हीएम मशीन के संबंध में की जा रही नकारात्मक बातें निर्मूल सिद्ध हों।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतगणना के लिए तैनात दलों को अच्छा प्रशिक्षण दें। मतगणना केन्द्र में सुरक्षा के पूरे प्रबंध करें। मतगणना केन्द्र के प्रत्येक स्थल का शत-प्रतिशत सीसीटीवी कवरेज कर निगरानी कराएं। मतगणना पूरी होने पर परिणाम तत्काल घोषित करने का प्रयास करें। मतों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए पर्याप्त संख्या में कम्प्यूटर आपरेटर तैनात रखें। जितनी कुशलता से मतदान संपन्न कराया गया है उतनी ही कुशलता से मतगणना भी संपन्न कराएं। अब तक संपन्न मतदान के लिए निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आयोग बहुत-बहुत बधाई देता है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में निर्वाचन आयुक्त श्री सुखबीर सिंह संधू तथा निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने भी मतगणना के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, सहायक कलेक्टर प्रपंज आर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

## पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज (कॉलेज ऑफ़ लॉ) के छात्रों ने किया जेल का भ्रमण

**रीवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला रीवा के अध्यक्ष श्री मान राकेश मोहन प्रधान (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आशीर्वाद भिलाला के द्वारा जिले में वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को अपराधों के सम्बन्ध मे जानकारी के लिए पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज (कॉलेज ऑफ़ लॉ) के विद्यार्थियों को जिला जेल भ्रमण कराया गया।विधि विद्यार्थियों को जेल में होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए कार्रवाई का विवरण बताया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जेल में विभिन्न अपराधों में सजा बंदियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। जिला जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने जेल में बंदियों की दिनचर्या छात्र-छात्राओं को





विस्तृत तरीके से जेल भ्रमण करते हुए कैदियों की दिनचर्या के विषय में जानकारी दी।जेलर श्री उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को बताया कि जिला जेल में बंदियों के लिए उनके जीवन के सुधार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसमें अभी महिला बंदिया के लिए सिलाई एवं जूट से बनाने वाले चीजों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे वे सामाजिक जीवन में लौट के बाद अपना रोजगार स्थापित करने में माहिर बन सकें।लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल अनीश पाण्डेय ने बताया की जिन महिला एवं पुरूष बंदियों के वकील नहीं उनकी निःशुल्क पैरवी करने एवं न्याय दिलाने हेतु आश्वासन दिया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल अनीश पाण्डेय एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा, जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पीएन शर्मा, महाविद्यालय की प्राध्यापिका विधि संभलकर, प्राध्यापक रत्नेश मोहन मिश्रा, दीपक शुक्ला सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**क्या हैं इंटर्नशिप कार्यक्रम**

लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल अनीश पाण्डेय ने बताया कि 21 दिन की यह इंटर्नशिप चल रही है, जिसमें डे बाई डे विधि के छात्र-छात्राओं को विभिन्न स्थानों पर विजिट कराया जाता है। जैसे जिला जेल, सी डब्लू सी, बन स्टॉप सेंटर, वृद्धा आश्रम, बाल संप्रेषण गृह (बच्चा जेल), जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आदि और जो विद्यार्थी इस इंटर्नशिप कार्यक्रम में नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं उन्हें इंटर्नशिप समाप्ति उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833